सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 194 ■ मंडला, गुरूवार 16 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877

### जवाब में पेशावर पर ड्रोन अटैक; दोनों देशों में 48 घंटे का सीजफायर

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बम गिराए





**काबुल/ इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बुधवार शाम अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए। अफगानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल और स्पिन बोल्डक में बमबारी की है। इन हमलों में दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पेशावर में ड्रोन हमला किया है। इस हमले में एक प्लाजा के कमरे को निशाना बनाया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल खुफिया गतिविधियों के लिए एक सीक्रेट ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था। इन हमलों के बाद फिलहाल दोनों देशों ने 48 घंटे के लिए सीजफायर पर सहमति जताई है। रॉयटर्स के मुताबिक यह सीजफायर भारतीय समयानुसार बुधवार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए से मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।**

### तालिबान ब्रिगेड और बटालियन के तबाह होने का दावा

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के कंधार इलाके में हमले किए। सेना ने कहा- अफगान तालिबान के हमलों का जवाब देने के लिए हमने उनके ठिकानों पर हमला किया। अफगान तालिबान के मुख्य ठिकाने तबाह हो गए हैं। ढअङ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। पाकिस्तान ने कहा कि उसकी सेना किसी भी हमले का मजबूती से जवाब दे सकती है। अफगान तालिबान ने इन दावों को गलत बताया है, लेकिन अभी कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया।

### अफगानिस्तान ने बॉर्डर पर टैंक भेजे

इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने ढअङ बॉर्डर पर टैंक भेज दिए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग (ISPR) ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया, जिसमें तालिबान के लगभग 15 से 20 मेंबर मारे गए। एक हफ्ते के भीतर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यह तीसरी बड़ी झड़प है।

### दोनों देशों ने चौकियों पर कब्जे करने का दावा

अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने एक दूसरे की सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां से अफगानिस्तान के लिए खतरा पैदा होता है। इसके साथ ही 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की भी बात कही।

### पाकिस्तान का दावा- तालिबान चौकियों को भारी नुकसान

पाकिस्तान ने सूत्रों ने दावा किया है कि पाकिस्तान के हमले में कई तालिबान चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और उनकी चौकियों से आग की लपटें उठती देखी गई पाकिस्तानी पीटीवी न्यूज ने बताया, 'अफगान तालिबान और फितना अल-खवारिज ने कुर्रम में बिना वजह गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने पूरी ताकत से जवाब दिया।' दावा किया गया कि पाकिस्तान की जवाबी गोलीबारी में एक तालिबानी टैंक नष्ट हो गया, जिससे हमलावर अपनी चौकियां छोड़कर इलाके से भागने पर मजबूर हो गए। वहीं, काबुल का दावा है कि वह अपनी हवाई सीमा और संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब दे रहा है।

### अफगानिस्तान में दो T T P गुट साथ आए

अफगान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि सुबह 8 बजे तक लड़ाई पर हमारा नियंत्रण हो गया था। इस बीच अफगानिस्तान में टीटीपी के दो गुटों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक होने की घोषणा कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने घोषणा की है कि इसके दो समूह एक हो रहे हैं। इनमें से एक का नेतृत्व कुर्रम जिले के मुफ्ती अब्दुर रहमान कर रहे हैं, और दूसरा खैबर जिले की तिराह घाटी के कमांडर शेर खान हैं। इन दोनों कमांडरों ने टीटीपी के तरफ वफादारी की खसम खाई है।

### पाकिस्तान और T T P में लड़ाई क्यों?

2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे ळ्ळढ नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। ळ्ळढ का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और आतंकियों को छिपाने का आरोप लगाते रहते हैं। 2021 में अफगानिस्तान हुकूमत पर तालिबान के कंट्रोल के बाद से तनाव और बढ़ गया है।



# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 अहमदाबाद में होंगे

### कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश 2010 में भारत को पहली बार मेजबानी मिली थी

**मुम्बई।** कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स (C W G) की मेजबानी के लिए नॉमिनेट किया है। 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली राष्ट्रमंडल खेल की बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। भारत को मेजबानी के लिए नाइजीरिया से चुनौती मिल रही थी। लेकिन कॉमनवेल्थ गेम्स ने नाइजीरिया को 2034 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सहयोग देगी। कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स ने अपने प्रेस रिलीज में कहा, राष्ट्रमंडल खेल की कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वे कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में होने वाले खेलों के लिए अहमदाबाद, भारत को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में सिफारिश करेगी। भारत ने अब तक एक बार 2010 में नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है।

### भारत के लिए गर्व का दिन- अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पर लिखा, भारत के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का दिन है। कॉमनवेल्थ एसोसिएशन द्वारा अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार भारत को देने पर देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई।

### 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स 100वीं एनिवर्सरी

होगी कॉमनवेल्थ गेम्स हर चार साल में होता है। पहला कॉमनवेल्थ गेम्स 1930 में हैमिल्टन, कनाडा में आयोजित किया गया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 5 बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की 100वीं एनिवर्सरी भी होगी।

### 29 अगस्त को भारत ने बोली लगाई थी

भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए इसी साल 29 अगस्त को लंदन में बोली लगाई थी। उस समय गुजरात सरकार के खेल मंत्री हर्ष सांघवी ने इस प्रस्ताव को कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के सामने पेश किया था। उन्होंने कहा, अहमदाबाद कॉम्पैक्ट सिटी मॉडल पर गेम्स की मेजबानी करेगा, यानी खेल स्थलों, ट्रेनिंग सुविधाओं और खिलाड़ियों की रहने की व्यवस्था सब एक-दूसरे के नजदीक होगी। इससे खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। बोली लगाने के दो दिन से पहले 27 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने कॉमनवेल्थ बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दी थी। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (क्ढअ) ने इसे मंजूरी पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी।

# मुंबई हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपए के ड्रग्स के साथ दंपती गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलीजेंस यूनिट (एआईयू) ने कोलंबो से 5.45 करोड़ रुपए मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजे की कथित तस्करी के आरोप में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर एक दंपती को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आरोपियों की पहचान मोहम्मद सऊद सिद्दीकी और उसकी पत्नी सना के रूप में हुई है। उन्हें एक संदिग्ध ट्रॉली बैग मिलने की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। सामान की जाँच के दौरान अधिकारियों को बैग के अंदर छिपे तीन एयरटाइट पैकेट मिले। इन पैकेटों में पांच किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना पाया गया , जो भांग की उच्च-श्रेणी का प्रकार है। सीमा शुल्क विभाग ने दंपत्ति के खिलाफ स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और 28 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद 2 अफसर सस्पेंड




**जैसलमेर/जोधपुर। राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था। बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया।**

हादसे के बाद जब प्रशासन ने बस से जुड़ी जानकारी जुटाई, तो खुलासा हुआ कि यह बस चित्तौड़गढ़ जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) कार्यालय में पंजीकृत थी। जांच में सामने आया कि बस मालिक ने नियमों की अनदेखी करते हुए नॉन एसी को एसी बस में मॉडिफाई करवा लिया था, जिसकी भनक परिवहन विभाग को भी नहीं लगी। एसीबी की ओर से भी मामले की जांच की जाएगी। इधर, मंगलवार देर रात पहली FIR दर्ज हुई। हादसे का शिकार हुए पत्रकार राजेंद्र चौहान के भाई ने बस मालिक और ड्राइवर के खिलाफ जैसलमेर के सदर थाने में केस दर्ज कराया। अग्निकांड में मृतकों की संख्या 21 हो गई है। हादसे में झुलसे 10 साल के यूनुस ने बुधवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के अनुसार 4 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। जैसलमेर से जोधपुर जा रही प्राइवेट अउ स्लीपर बस में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे आग लग गई थी। **शवों की पहचान के लिए D N A सैंपल लिए जा रहे-** हादसे में मारे गए लोगों के शवों की पहचान के लिए जोधपुर और जैसलमेर के हॉस्पिटल में डीएनए सैंपल लिए जा रहे है। सैंपल कलेक्शन के प्रोसेस में देरी को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। इस पर हॉस्पिटल अधीक्षक ने कहा कि वैरिफिकेशन में थोड़ा समय लगता है, ताकि कोई गलती न हो। अधिकतम 24 घंटे में शवों की पहचान की प्रोसेस पूरी हो जाएगी।


### आर्थिक सहायता में हुई दोगुनी बढ़ोतरी

# पूर्व सैनिकों को केंद्र सरकार का बड़ा तोहफा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीपावली से पहले पूर्व सैनिकों को बड़ा उपहार देते हुए उन्हें और उनके आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि को दोगुना कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के अंतर्गत पूर्व सैनिकों (ईएसएम) और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी। इस बढोतरी के बाद पात्र पूर्व सैनिकों को मिलने वाली निर्धनता अनुदान की राशि 4,000 रुपए से दोगुना करके 8,000 रुपए प्रति माह कर दी गयी है। इसमें 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध तथा गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को जिनकी कोई नियमित आय नहीं है आजीवन निरंतर सहायता प्रदान की जायेगी। शिक्षा अनुदान की श्रेणी में दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है। विवाह अनुदान की राशि भी प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है। यह अनुदान पूर्व सैनिकों की अधिकतम दो पुत्रियों और विधवा पुनर्विवाह के लिए दिया जाएगा। यह राशि इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न विवाहों के लिए लागू होगी। इस पर हर वर्ष 257 करोड़ रुपए का व्यय होने का अनुमान है और यह सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष से वहन किया जाएगा।

# ट्रम्प की तारीफ करने पर पाकिस्तानी-P M अपने देश में ट्रोल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके ही देश में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का चापलूस और चाटुकार बताकर ट्रोल किया जा रहा है। कुछ सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि अगर चापलूसी के लिए नोबेल होता, तो शरीफ सबसे बड़े दावेदार होते। दरअसल, सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट के दौरान शरीफ ने ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने के दावे का समर्थन किया था। शरीफ ने ट्रम्प को नोबेल देने की मांग की थी। इस पर ट्रम्प ने हंसते हुए कहा था- वाह! मुझे यह उम्मीद नहीं थी। अब कहने को क्या बचा, घर चलें!

### यूजर बोले- इतनी शर्मिंदगी पहले नहीं देखी

पाकिस्तानी इतिहासकार अम्मार अली जन ने लिखा- ट्रम्प की बेवजह तारीफ से पाकिस्तानी शर्मिंदा हैं। वहीं, एक सोशल मीडिया यूजर वसीम ने कहा- हमारे नेता इतने चाटुकार क्यों हैं? शरीफ ने फिलिस्तीन के मुद्दे का गलत इस्तेमाल किया। लेखक एसएल कंथन ने कहा- ट्रम्प को जूते चमकाने होते हैं तो शरीफ को बुलाते हैं। इतनी शर्मिंदगी पहले नहीं देखी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हम्माद अजहर ने कहा- दुनिया हमारे नेताओं पर हंस रही है। हमने इन लोगों को नहीं चुना... यह कॉमेडी और घिनौनी चापलूसी हमें भी शर्मसार कर रही है। **शरीफ ने 5 मिनट तक ट्रम्प के कसीदे पढ़े थे-** मिस्र में ट्रम्प ने अपनी स्पीच के बीच में शरीफ को बुलाया और पूछा- क्या आप कुछ कहना चाहते हैं? साथ ही पाकिस्तान पीएम से कहा कि वे वही बोलें जो उन्हें पिछले दिनों कहा था। इसके बाद शरीफ ने 5 मिनट तक ट्रम्प की तारीफ की। शहबाज शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सच में शांति पुरुष हैं, उनकी कोशिशों के बाद शांति स्थापित हुई है।




### भोपाल-इंदौर के दफ्तर में दो दिन चली सर्चिंग; मुंबई के ब्रोकर की लिंक पर कार्रवाई

# दिलीप बिल्डकॉन का अकाउंट रजिस्टर ले गए आयकर अफसर



दिलीप सूर्यवंशी

**भोपाल।** भोपाल में दिलीप बिल्डकॉन के दफ्तर में चल रही आयकर विभाग की अमृतसर विंग की कार्रवाई खत्म हो गई है। आयकर विभाग के अफसरों की टीम दिलीप बिल्डकॉन के दफ्तर से अकाउंट रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेज ले गई है। इसके आधार पर कंपनी के खिलाफ टैक्स में गड़बड़ी की जानकारी का एनालिसिस कर टैक्स चोरी का फाइनल वैल्यूएशन किया जाएगा। यह कार्रवाई भोपाल के साथ इंदौर में भी चली। पंजाब आयकर विभाग के अफसरों की टीम ने सोमवार को दिलीप बिल्डकॉन के दो ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। इस छापेमारी में शेयर ट्रेडिंग में भारी मैनिपुलेशन की संभावना के चलते बड़ी टैक्स चोरी का खुलासा होने की संभावना थी। हालांकि वैसी गड़बड़ी अफसर नहीं पा सके, जैसी उम्मीद लेकर आए थे। भोपाल में दफ्तर में चल रही सर्चिंग की कार्रवाई मंगलवार रात करीब 11 बजे खत्म हो गई है। पंजाब के अमृतसर विंग की टीम ने भोपाल के अलावा इंदौर में भी कंपनी के दफ्तर में छापेमारी कर दस्तावेजों की पड़ताल की है।

### आईटी की कार्रवाई में कैश भी ज्यादा नहीं मिला

आयकर विभाग के अफसरों को दफ्तर में की गई सर्चिंग में कैश भी ज्यादा नहीं मिला है। अमृतसर की जिस शेयर कंपनी से दिलीप बिल्डकॉन के लिंक के जरिए ये रेड की गई थी, उसमें करीब दो से ढाई करोड़ की गड़बड़ी पाई गई है। बताया जाता है कि इस मामले में दिलीप बिल्डकॉन का कुछ हस्तक्षेप तो पाया गया है, लेकिन इस कंपनी के पूरी तरह से शामिल होने का वेरिफिकेशन अभी बाकी है। आयकर विभाग के अफसरों की टीम दिलीप बिल्डकॉन के दफ्तर से अकाउंट रजिस्टर समेत कुछ अन्य दस्तावेज लेकर गई है। इसका एनालिसिस आयकर अफसरों की टीम करेगी। यह बात साफ हुई है कि पंजाब के अफसरों को एमपी की नामी कंपनियों से जिस तरह की गड़बड़ी की उम्मीद थी, वह नहीं मिल पाई है।

### ब्रोकर से मिले लिंक के आधार पर सर्चिंग की गई

दिलीप बिल्डकॉन पर की गई सर्च कार्रवाई अमृतसर की आयकर विभाग की टीम ने मुंबई के एक ब्रोकर से मिले लिंक के आधार पर की थी। इस ब्रोकर का अमृतसर की शेयर ट्रेडिंग कंपनी से संबंध है, जिसके द्वारा शेयर ट्रेडिंग में करोड़ों रुपए का मैनिपुलेशन किया गया था। इसमें दिलीप बिल्डकॉन का लिंक जुड़ा तो आयकर अफसरों ने यहां छापेमारी की।

### काफी सीक्रेट रखी गई सर्चिंग की कार्रवाई

दिलीप बिल्डकॉन के यहां शुरू की गई सर्च की कार्रवाई को पंजाब के आयकर अफसरों ने काफी गोपनीय रखा था। यह जानकारी सामने आई है कि कुछ अफसरों ने जरूर इस कंपनी में चल रही कार्रवाई की जानकारी लेने की कोशिश की थी, लेकिन राजनीतिक तौर पर किसी ने सीधे जानकारी लेने की कोशिश नहीं की। अमृतसर इनकम टैक्स की ओर से भोपाल में दिलीप बिल्डकॉन पर की जा रही छापे की कार्रवाई को लेकर कंपनी को कोई जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि आयकर विभाग ने अभी तक ये नहीं बताया कि वे कंपनी के कैम्पस में क्यों आए हैं। हम भी इस बात की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं कि इस कार्रवाई से हमारा कोई संबंध है या नहीं।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें
7415685293
9589490996
9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

## मामले में आरोपित 7 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

# अमरकंटक एक्सप्रेस में पकड़ा 96 किलो गांजा



दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस से ले जाए जा रहे गांजा की बड़ी खेप को आखिरकार आरपीएफ द्वारा पिपरिया रेलवे स्टेशन में पकड़ लिया है। मामले में आरोपित 7 महिलाओं को भी हिरासत में ले लिया गया हैं जहां उनसे लम्बी पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए गांजा की कीमत लगभग 48 लाख 45 हजार रुपये बताई जा रही है।आरपीएफ पोस्ट पिपरिया से मिली जानकारी के अनुसार अमरकंटक एक्सप्रेस लगभग सुबह 6:15 बजे पिपरिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-2 पर आगमन पर उसमें से सात संदिग्ध महिलाएं उतरीं। मुखबिरी की सूचना पर हुलिया देखकर महिलाओं को रोका गया और जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से अवैध रूप से लाया जा रहा मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त की कार्रवाई संयुक्त रुप से आरपीएफ पिपरिया तथा एनसीबी भोपाल की संयुक्त टीम द्वारा की गई। आरपीएफ ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं में संध्या कुचबंधिया पति भरत कुचबंधिया निवासी विदिशा मप्र, सोनम आदिवासी पति अर्जुन आदिवासी निवासी विदिशा,मप्र, पूनम कुचबंधिया पिता बंसीलाल कुचबंधिया, विदिशा मप्र व कौशिक सोदा पिता सानू सोदा भोपाल के पास से 70.310 किलोग्राम पाया गया। अन्य तीन महिलाओं सनो बाई, रानी कुचबंधिया व गायत्री बाई जो कि तीनों भोपाल की रहने वाली हैं उनके पास से 26.590 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उक्स सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई।

# हीरा वही जो इंसाफ में चमके...जब पार्षद शफीक हीरा जनता के हीरो बन गए



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर में एक दौर चल पड़ा है .... जहां नेता नाम से नहीं, काम से पहचाने जाते हैं। और अगर इस दौर का कोई सबसे चमकता हुआ नाम है तो वो है शफीक हीरा। वार्ड की राजनीति में जहां लोग अपने समाज, बिरादरी और वोट बैंक की सीमाओं में कैद रहते हैं, वहीं शफीक हीरा ने साबित कर दिया कि जनप्रतिनिधि का धर्म सिर्फ. इंसाफ होता है।

## जनता का पार्षद, सबका साथी, सबका हमदर्द

लोग उन्हें प्यार से जनता का पार्षद कहते हैं। वजह भी वाजिब है। किसी के घर में खुशी हो या गम, किसी गली में गंदगी हो या मोहल्ले में बिजली का झगड़ा .... शफीक हीरा वहीं खड़े मिलते हैं। उनके लिए वार्ड की हर गली, हर मकान, हर चेहरा अपना है। वो नेता नहीं लगते .... वार्ड के बेटे लगते हैं। जब इंसाफ और समाज में टकराव हुआ, हीरा इंसाफ के साथ खड़े मिले वक्फ मोमिन ईदगाह, गोहलपुर का मामला याद कीजिए .... जहां पुरानी कमेटी के भ्रष्टाचार की परतें खुल रही थीं। जहां नई कमेटी को चार्ज देना था, वहां कुछ लोग ईदगाह बचाओ के नाम पर खुद को बचाने में लगे थे। यह वही दौर था जब शफीक हीरा ने बिना किसी डर के कहा .... ईदगाह किसी की मिल्कियत नहीं, समाज की अमानत है। और फिर वो खुलकर एक्शन कमेटी के साथ खड़े हुए, भले ही वो खुद उस समाज से ताल्लुक न रखते हों। जब प्रशासन की ताकत के सामने एक्शन कमेटी अकेली थी, तब शफीक हीरा सबसे आगे थे SDM चार्ज दिलाने पहुंचे तो माहौल गर्म था। लोगों ने विरोध किया, नारों की गूंज में सत्ता के कान बहरे हो गए।

प्रशासन ने 151 की कार्रवाई की, कुछ लोगों को जेल भेज दिया गया .... और इस भीड़ में एक चेहरा ऐसा था जो पीछे नहीं हटा। वो चेहरा था शफीक हीरा का। पुलिस की दबिश, अफसरों का दबाव, राजनीतिक चालें .... कुछ भी इनकी आवाज को थाम न सकी। वार्ड में विकास की नई पटकथा जहां बाकी नेता बयान देते रहते हैं, वहीं शफीक हीरा काम से जवाब देते हैं। गोहलपुर मोतीलाल नेहरू वार्ड हो या लेमा गार्डन .... हर जगह बदलाव दिखता है। रोड़ा मरम्मत से लेकर नई सड़कों के निर्माण तक, हीरा के काम में जनता को राहत मिली है। लेमा गार्डन, जो कभी शराबियों और जुआरियों का अड्डा था, आज उसकी बाउंड्री वॉल उठ रही है ताकि कचरा और अवैध गतिविधियों का अंत हो सके। अगला लक्ष्य .... समाज के लिए एक बड़ा सामुदायिक भवन, जहां शादियाँ, बैठकें और सामाजिक कार्यक्रम हो सकें। जनता की जुबान पर एक ही नाम .... हीरा ने इंसाफ का साथ दियाएक बुजुर्ग ने कहा ....शफीक हीरा ने साबित कर दिया कि पार्षद होना सिर्फ. कुर्सी का नाम नहीं, ज़िम्मेदारी का नाम है। वो नेता नहीं, हिम्मत का चेहरा बन गए हैं। जब कई नेता कुर्सी बचाने में लगे हैं, हीरा ने जनता का भरोसा बचाया है। शफीक हीरा आज सिर्फ. पार्षद नहीं, एक विचार हैं। एक ऐसा विचार जो कहता है कि समाज की सेवा जाति, बिरादरी या धर्म नहीं देखती। और यही वजह है कि आज गोहलपुर कहता है .... हीरा सच में हीरा है, जो हर अंधेरे में चमकता है।

**रिपोर्ट आरती लोधी**

# करौंदी के आधा दर्जन परिवारों को आर्मी ने थमाया नोटिस

## मकान को अवैध बताते हुए 7 दिनों में तोड़ने के दिए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कैंट क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करौंदी में आर्मी अवैध निर्माण को लेकर काफी सख्त नजर आ रही है। पिछले दिनों सैन्य प्रशासन व सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) प्रबंधन ने संयुक्त रूप से करौंदी के करीब आधा दर्जन परिवारों को 5 ए का नोटिस थमा दिया है। जिसके बाद पूरे करौंदी बस्ती में हडकंप मचा हुआ है। पूर्व कैंट बोर्ड मेंबर राजीत यादव ने बताया कि इस बार बरसात अधिक होने के कारण करौंदी के करीब 6 परिवार जो कि वर्षो से वहां निवासरत है। उनके द्वारा मकानों की मरम्मत कराई गई थी। लेकिन इस पर सीओडी प्रशासन ने आपत्ति दर्ज कराई थी। चुंकि जो भी निर्माण किया जा रहा था, वह पूर्व में बने मकान की सीमा (प्लिंथ एरिया) में किया जा रहा था। लिहाजा उस पर आपत्ति नहीं की जानी चाहिए। मगर इसके बाद भी आर्मी के संपदा अधिकारी द्वारा राम सिंह,विशाल यादव, नाथू कुशवाहा, गुडा यादव, नीलेश बिरहा, प्रमोद यादव को 5 ए का नोटिस थमा दिया गया है। सैन्य प्रशासन उक्त मकानों को अवैध निर्माण बताते हुए हटाने के निर्देश दे रहा है। उक्त कार्यवाही के विरोध में करौंदी वासी आर्मी स्टेशन सेल कमांडर से भी मिले। बताया जाता है कि सैन्य प्रशासन ने आश्वासन तो दिया है,लेकिन रक्षा मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट के बाद कोई निर्देश आए तो कार्यवाही जरूर होगी।

## करौंदी को बसाया गया था

कैंट बोर्ड के वार्ड क्रमांक 7 करौंदी को लेकर ऐसा दावा किया जाता है कि जब सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) की स्थापना हुई थी। तब वहां से ग्रामीणों को विस्थापित करते हुए करौंदी में बसाया गया था। इस प्रक्रिया से जुड़े कुछ दस्तावेज भी करौंदी वासियों के पास है। लेकिन करौंदी को सिविल एरिया घोषित नहीं किए जाने के कारण। सैन्य प्रशासन उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नही करने देता है।

# मुकेश सराठे बने शिवसेना जबलपुर महानगर प्रमुख, कार्यकताओं में हर्ष की लहर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** परम सिद्ध हिंदू हृदय सम्राट माननीय बालासाहेब ठाकरे जी के आशीर्वाद तथा शिवसेना प्रमुख नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री एकनाथ शिंदे साहेब के आदेशानुसार, साथ ही कैप्टन अभिजीत अडसूल जी (सचिव, शिवसेना) के निर्देश एवं माननीय प्रभारी श्री सुरेश गुर्जर जी, संगठन प्रमुख थानेश्वर महावर जी, और राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी जी के मार्गदर्शन में मुकेश सराठे को शिवसेना जबलपुर महानगर प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शिवसेना राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी ने मुकेश सराठे को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह नियुक्ति संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। मुकेश सराठे की नियुक्ति पर शिवसेना के कार्यकताओं – सुजीत पटेल, गजानन गुप्ता, सुधीर ताम्रकार, मनोज नागेश, कुलदीप चौधरी, राकेश विजय गोटिया, राकेश सोनकर, छोटू, धर्मेंद्र सिंह, विकास सराठे, ऋषि राज सोनी एवं समस्त शिवसैनिकों ने अपार हर्ष व्यक्त किया और उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने कहा कि यह निर्णय शिवसेना की निष्ठा, अनुशासन और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करेगा।



बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद और एकनाथ शिंदे के आदेशानुसार नियुक्ति की घोषणा

# धीरज राज की अगुवाई में हनुमानताल पुलिस की शानदार कार्यवाही... ग्वारीघाट थाना भी रहा सक्रिय, आठ जुआरी रंगेहाथ गिरफ्तार

धीरज राज की टीम .... जहां अंधेरा गहराता है, वहां कानून की लौ जल उठती है।

हनुमानताल पुलिस ने दिखाया कि सतर्कता ही असली पहरेदारी है।

ग्वारीघाट और हनुमानताल की जोड़ी .... अपराध पर करारा प्रहार।

जुआ के अड्डों पर चली पुलिस की गाज, कानून का हुआ वजूद मजबूत।

धीरज राज: नाम ही काफी है, कार्रवाई ही पहचान।



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** रात का सन्नाटा था, सड़कों पर शांति पसरी हुई थी, लेकिन हनुमानताल और ग्वारीघाट थाना पुलिस उस समय भी मुस्तैद थी। मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस ने दो अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर जुआ खेल रहे आठ जुआड़ियों को रंगेहाथ पकड़ लिया। मौके से ?6,630 नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए। सभी आरोपियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने जिस तत्परता और समझदारी से कार्रवाई की, वह काबिले-तारीफ है। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना समय गंवाए टीम रवाना की और सिंधी कैंप स्थित तुलसीराम राशन दुकान के पास दबिश दी। वहाँ चार युवक सड़क लाइट की रोशनी में रुपये की हारजीत का खेल खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर ही सबको पकड़ लिया।

## गिरफ्तार आरोपियों में ...

सुमित खटीक निवासी खटीक मोहल्ला, समीम उर्फ आरिफ अंसारी निवासी चारखम्बा, विक्की पटेल निवासी कंचनपुर (वर्मा आटा चक्की के पास, अधारताल), और अंकित बेन निवासी कुम्हार मोहल्ला, सिंधी कैंप हनुमानताल शामिल हैं। इनके पास से ?4,150 नगद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए। इसी सिलसिले में थाना ग्वारीघाट पुलिस ने भी अपनी सतर्कता का परिचय दिया। देर रात अवधपुरी क्षेत्र में दबिश देकर वहाँ जुआ खेल रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में .... दीपक सिंह ठाकुर, देवेश बर्मन, सचिन प्रधान, सूर्या रैकवार, और सौरभ ठाकुर शामिल हैं। यहां से पुलिस ने ?2,480 नगद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए। यह कार्रवाई केवल एक "जुआ पकड़ो अभियान" नहीं थी .... बल्कि यह पुलिस की चौकसी, टीमवर्क और कानून के प्रति उनकी जवाबदेही का संकेत है। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब इरादा साफ और नीयत मजबूत हो, तो अपराधियों के लिए रात भी सुरक्षित पनाह नहीं बन पाती। धीरज राज की टीम का मुखबिर तंत्र लगातार सक्रिय है और यही वजह है कि शहर में रात के सन्नाटे में भी कानून की आवाज गूंजती है।

**मोहम्मद अकरम अंसारी**

# सुरक्षा चौकस हो, सडके जाम न हो: एसपी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** दीपावली पर्व और धनतेरस में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखें। बाजारों में कहीं पर भी जाम की स्थिति निर्मित न हो। त्योहार के समय सम्पत्ति सम्बंधी अपराध न हो ऐसी योजना बना ली। डायवर्सन प्वाईट लगाये, यातायात व्यवस्था बनाये रखे एवं संदिग्धों की चैकिंग करे। जहां-जहां भी भी सराफा बाजार हैं, आर्म्स गार्ड लगायी जाये। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने पुलिस कन्ट्रोलरूम में राजपत्रित अधिकारी, थान एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेते हुए कहीं। आगे उन्होंने कहा कि छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें, हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिये। इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये। बैठक में एसपी ने त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि एवं बीएनएस व प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। इसके साथ ही थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, धोखाधड़ी, महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी उपस्थित रही।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी

गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय-निवास

कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)

Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717




# भारतीय मजदूर संघ जबलपुर ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

## श्रमिक समाज की समस्याओं पर हुआ विचार-विमर्श, संगठनात्मक सुदृढ़ता पर दिया जोर




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन भारतीय मजदूर संघ (BMS) द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को अपने संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि ह्वसामाजिक समरसता दिवसह्व के रूप में मनाई जाती है। इसी क्रम में, दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को भारतीय मजदूर संघ, जिला जबलपुर द्वारा जिला कार्यालय में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि विभाग प्रमुख राजकुमार नायक, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ने की। इस अवसर पर श्रमिक समाज की मूलभूत आवश्यकताओं, सामाजिक समानता, संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं कार्यकर्ता प्रोत्साहन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव राष्ट्रहित, उद्योगहित और अमिक हित (मजदूर हित) के सिद्धांतों पर कार्य करता आया है। समाज में समरसता लाने और श्रमिक वर्ग की आवाज को सशक्त बनाने के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला मंत्री अमर ग्रावकर, कार्यालय प्रभारी राजेश मारवेकर, सह मंत्री सी. के. ठाकुर, मुकेश सिंह, कृष्णकांत शर्मा, द्वारिका कुशवाह, मनोज जैन, विजय पटमासे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने ठेंगड़ी जी के योगदान को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


ओम होम हैल्थ केयर सर्विस

हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

प्रो. जितेन्द्र पटैल

CERVIC - 24X7 Hourse

मो. 9340721556, 9753518166

पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers

Mo. 9174614421, 9406763810

CHANDRAKALA TEXTILES

सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।

Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001





# विवेचक कक्ष रूप में सोया, थाने की मिली डाईड

## आरोपी राजीव पंद्रे को मिल रहा दोस्ताना ट्रिटमेंट, सिवनी से लाला को पकड़ने की जानकारी, पुलिस ने किया इंकार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मालखाने में डाका डालने वाले राजीव पंद्रे, तीन दिन की पुलिस रिमांड पर है। इस दौरान गिरफ्तारी के बाद उसकी पहली रात विवेचक कक्ष में सोकर गुजरी, जबकि उसे खाने में आम आरोपियों की तरह थाने से दी जाने वाली डाईड दी गई। यह अलग बात है कि थाने में उसे आरोपी नहीं बल्कि अभी भी हम साथी की तरह ट्रिट किया जा रहा है। वहीं इस मामले में मिली जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने सिवनी से लाला नाम के एक शख्स को पकड़ा है।

जिसकी पुष्टि, थाने पहुंचे, उसके परिचितों ने की। हालांकि पुलिस ने इससे इंकार किया है। इस मामले को लेकर जांच कर रही डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर, पूरे समय कोतवाली थाने में मौजूद रही। मामले में फोन लगाकर डीएसपी से जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने जांच की बात कहकर आगे बात नहीं की।

आपको बताते चले कि कोतवाली थाने के मालखाने से तकरीबन 55 लाख रूपए नगद और तकरीबन 14 लाख रूपए के जेवरात पार करने वाले राजीव पंद्रे की गिरफ्तारी के बाद, पुलिस को दो दिनों की जांच में क्या मिला, इसको लेकर पुलिस, प्रेस से जानकारी साझा नहीं कर रही है। लेकिन पुलिस सूत्रों से पता चला है कि राजीव पंद्रे ने अपने किसी सहयोगी की मदद से मालखाने से गायब जेवरातों को राजवंश ज्वेलर्स के यहां 8 लाख रूपए में गिरवी रखा था। हालांकि मामला ओपन होने के बाद पुलिस ने राजीव पंद्रे से 40 लाख तो बरामद कर लिए है, अब पुलिस सिवनी के लाला से शेष रकम जब्ती करने में जुटी है। वहीं पुलिस सूत्र बताते है कि मामले में, सिवनी से






पकड़ाए लाला उर्फ विकास के बाद, आरोपियों की संख्या और भी बड़ सकती है।

राजीव पंद्रे के बारे में और जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार वह 2023 से मालखाने में पदस्थ था, तब से वह लगातार, मालखाने से राशि पार कर रहा था। दूसरी ओर इस मामले में बुधवार को कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने इसे बिगड़ती कानून व्यवस्था बताते हुए इसके लिए सीधे एसपी को जिम्मेदार बताया है, उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले में तत्काल एसपी को निलंबित किया जाए। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था की यह स्थिति तब है, जब मुख्यमंत्री स्वयं गृहमंत्रालय संभाल रहे है।



## जहरीली दवा के सेवन से मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला अस्पताल में जहरीली दवा के सेवन से भर्ती किए गए मलाजखंड थाना अंतर्गत परसाटोला निवासी 58 वर्षीय नेमसिंह पिता मदनसिंह मेरावी की ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजन बिरसा अस्पताल से रिफर पर जिला अस्पताल लेकर आए थे। मृतक नेमसिंह के पुत्र समारू मेरावी ने बताया कि 12 अक्टूबर को पिता नेमसिंह ने शराब के नशे में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। जिसे बिरसा अस्पताल लेकर गए थे। जहां से उसे जिला अस्पताल लाया गया था। वृद्ध नेमसिंह की मौत की तहरीर पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की अग्रिम जांच, मलाजखंड थाना पुलिस द्वारा की जाएगी।

## थानेगांव में नल-जल योजना की टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम थानेगांव में नल-जल योजना की टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। थानेगांव में टंकी निर्माण के लिए चयनित स्थल पर 15 अक्टूबर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके, सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद सदस्य अमित घोंगड़े, ग्राम पंचायत के सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, उपयंत्री, टंकी निर्माण करने वाले ठेकेदार के प्रतिनिधि आकाश बिसेन एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया।

### नवजात के बाद मां ने तोड़ा दम

## तीन अस्पताल से महिला को किया गया था रिफर, गोंदिया में बच्चे ने तो मां की जिला अस्पताल में मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** रिफर पर रिफर किए जाने से गर्भवती मां ने पहले मृत शिशु को जन्म दिया। जिसके दो दिन बाद उसकी भी मौत हो गई। मृतक सविता पति देवीप्रसाद ठाकरे (27) की, मृत तहरीर मिलने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनो को सौंप दिया।

बताया जाता है कि विगत तीन दिनों पहले कटंगी थाना अंतर्गत जरामोहगांव निवासी सविता को सात माह के गर्भ के कारण प्रसव पीड़ा होने पर परिजन, उसे लेकर कटंगी अस्पताल पहुंचे थे। जहां से उसे रिफर पर जिला अस्पताल लाया गया था, लेकिन यहां से भी उसे रिफर कर दिया गया। जिसके बाद बेहतर उपचार के लिए परिजन, उसे निजी अस्पताल लेकर गए। लेकिन यहां पर भी उसकी हालत को देखते हुए उसे रिफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन, उसे लेकर पड़ोसी जिले महाराष्ट्र के गोंदिया अस्पताल लेकर गए। जहां उसने मृत शिशु को जन्म दिया, लेकिन यहां से भी





उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रिफर कर दिया। लगातार रिफर से आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके परिजनों ने उसे, फिर जिला अस्पताल लेकर आए। यहां 13 अक्टूबर को उसे भर्ती किया गया था। जिसका उपचार चल रहा था कि 14 अक्टूबर की देररात उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत की तहरीर मिलने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने 15 अक्टूबर बुधवार को महिला का शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाया। अस्पताल चौकी पुलिस प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि मामले में जीरो पर मर्ग कायम कर परिजनों के कथन लेकर मर्ग डायरी तैयार की जा रही है। जिसके बाद मर्ग डायरी को कटंगी थाना भेजा जाएगा। जहां से ही मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बेडरूम में मिला यामिनी का फांसी पर लटका शव, रिजल्ट का तनाव या और कोई वजह, कल गृहग्राम में होगा अंतिम संस्कार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शहर के वार्ड क्रमांक 33 अवधपुरी कॉलोनी निवासी सुनील राणा की 29 वर्षीय पत्नी यामिनी उर्फ एकता राणा का घर के बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका शव मिला। घटना 15 अक्टूबर बुधवार की है। आम दिनों की तरह यामिनी घर के काम कर रही थी, तभी वह अचानक बेडरूम गई और दरवाजा लगाकर पंखे में चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।



एकाएक हुई, इस घटना से घबराए पति ने दरवाजा खोलने कोशिश की लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर उसने पत्नी यामिनी उर्फ एकता के, आसपास निवासरत रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी। जो भी तत्काल ही सुनील के घर पहुंचे और दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी और दरवाजे को खोलने का प्रयास करने लगे। जैसे ही दरवाजा खुला तो परिजनों ने देखा कि यामिनी का शव फांसी पर लटका है। तब तक पुलिस भी घटनास्थल पहुंच गई थी।

हालांकि यामिनी ने यह कदम क्यों उठायाड़ यह अभी साफ नहीं है लेकिन बताया जाता है कि बीते दो दिनों पहले, यामिनी पति के साथ भोपाल संविदा शिक्षक वर्ग-2 का पेपर देने गई थी। जहां से आने के बाद उसने, यह आत्मघाती कदम उठाया। तो क्या यामिनी परीक्षा पास नहीं



कर सकी थी, जिसके कारण उसे तनाव थाड़ या फिर और कोई वजह है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रथमदृष्टया, आत्महत्या का मामला लग रहा है, महिला के शव का पीएम कराया गया है, पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

बताया जाता है कि मूलतः किरनापुर थाना अंतर्गत नक्शी निवासी यामिनी का अप्रैल 2018 में मलाजखंड के कुरू मोहगांव निवासी अनिल राणा के साथ विवाह हुआ था। जिससे उन्हें एक चार का लड़का है। जबकि पति पॉलिटेक्निक कॉलेज में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। यामिनी उर्फ एकता के, आत्मघाती कदम उठाए जाने के बाद से पति, बच्चे और परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। बहरहाल घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस, एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया और शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद जिला अस्पताल में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतिका यामिनी का अंतिम संस्कार, कल ससुराल मलाजखंड थाना क्षेत्र के करूं मोहगांव में किया जाएगा।

## भाई ने की भाई की हत्या, जादूटोने के शक कुल्हाड़ी से किया था भाई पर हमला, बिरसा पुलिस ने सुलझाई अंधे हत्याकांड की गुत्थी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र के सुंदरवाही में गत 13 अक्टूबर को पिरमसिंह नेताम (65) की हत्या, उसके अपने चचेरे भाई ने जादूटोने के शक में की थी। पिरमसिंह की हत्या मामले में, बिरसा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए हत्या के आरोपी चचेरे भाई मोहरसिंह पिता जीतुसिंह नेताम (45) को गिरफ्तार कर, उसके पास से, उस कुल्हाड़ी को बरामद किया है। जिससे, आरोपी ने, पिरमसिंह पर हमला किया था।

थाना प्रभारी रेवलसिंह बरडे ने बताया कि 13 अक्टूबर को सुंदरवाही में हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर पिरमसिंह का रक्तरंजित शव बरामद किया था। चूंकि मामला हत्या से जुड़े होने के कारण, एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम से घटनास्थल



की जांच कराई गई थी। जहां टीम ने हत्या से जुड़े साक्ष्य एकत्रित किए थे। जिसके बाद मृतक के पुत्र मंगलु नेताम के शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के अपराध में बीएनएन की धाराओ के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और निर्देशन में जांच के दौरान, पीरमसिंह के चचेरे भाई मोहरसिंह उर्फ जीतुसिंह पर संदेह होने पर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी जीतुसिंह ने पुलिस को बताया कि भाई पिरमसिंह नेताम पर शक था कि, वह परिवार पर जादूटोना करता था, जिससे परिवार के लोग बार-बार बीमार पड़ते है। कुछ समय पहले भाई की मृत्यु होने पर उसका शक, पिरमसिंह पर गहरा गया था। इसी शक के चलते उसने 12 अक्टूबर की रात्रि, सोते समय चचेरे भाई पिरमसिंह पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। आरोपी के अपराध स्वीकार करने के बाद बिरसा पुलिस ने विधिवत आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में उपयोग की गई कुल्हाड़ी को बरामद किया और आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी मोहरसिंह को जेल भिजवा दिया है।

24 घंटे के भीतर अंधे हत्याकांड को सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार करने में उनि. शिवलाल परते, धनसिंह धुर्वे, प्रआर. भारतसिंह परते, चंद्रकुमार डेहरिया, संजय दमाहे, आरक्षक अजय तोमर, रवि जाट, भूपेन्द्र मरावी, सूरज गुर्जर, राजकुमार पटले, सुनीत सरोते, संपत उईके, विनोद भलावी, विनोद प्रजापति, प्रिंस पटेल, मआर. इंद्रावती टेकाम और पदमा टेंभरे की भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का दुरूपयोग करने पर 06 व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** नगर पालिका बालाघाट द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए दी गई राशि का दुरूपयोग करने के कारण नगरीय क्षेत्र बालाघाट के 06 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज करायी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का आवास बनाने में उपयोग न कर अन्य कार्यों में उपयोग करने व गबन करने के कारण वार्ड नं. 29 के सिकंदर सिंग जूनी पिता भगत सिंग जूनी, वार्ड क्रं. 31 सरेखा बालाघाट के केशरी कावरे पिता जग्गों कावरे, वार्ड नं. 14 बुढ़ी के अजय गौरे पिता आनंद गौरे, वार्ड नं. 32 की श्रीमती शारदा पति लक्ष्मण शेंद्रे, वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे एवं उसकी पत्नी सुनीता सहारे के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज करायी गई है। यह ऐसे व्यक्ति है जिनके द्वारा आवास योजना की राशि लेने के बाद भी आवास नही बनाया गया है, किसी ने मात्र एक कमरा बनाया है और उसमें ताला लगाकर कहीं चला गया है और पति पत्नी सुरेश व सुनीता सहारे दोनो ने इस योजना का पैसा ले लिया है।

## जिला चिकित्सालय की एसएनसीयू में नवजात शिशु को मिला जीवनदान, 29 दिनों तक भर्ती रहने के बाद स्वस्थ हुआ शिशु

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** समय से पहले जन्में एवं नवजात शिशुओं के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट की एसएनसीयू में उत्तम सुविधायें उपलब्ध हैं और इसमें मुफ्त में ईलाज होता है। प्रायवेट अस्पताल में इन्हीं सुविधाओं के लिए माता-पिता को लाखों रुपये की चपत लग जाती है। एसएनसीयू में किये गये उपचार से ऐसे ही एक नवजात शिशु को नया जीवन मिला है और उसके माता-पिता इससे बहुत खुश हैं। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन बताते हैं कि नवजात शिशुओं के उपचार के लिए इतनी अच्छी एसएनसीयू आसपास के जिलों में भी नहीं है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम गर्रा निवासी कुंतन पति विनोद कुर्वेति के मात्र 09 दिन के शिशु को गहन शिशु चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) बालाघाट में भर्ती कराया गया था। शिशु सर्दी, खांसी से पीड़ित था और सांस नहीं ले पा रहा था और गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल लाया गया था। शिशु की सांस नहीं चल रही थी जिसके कारण उसे वेंटीलेटर पर रखा गया। लगातार 05 दिनों तक वेंटीलेटर में रहने के बाद बच्चे की स्थिति में थोड़ा सुधार होने पर उसे निरंतर सांस लेने के लिए सहायता कराने वाली मशीन सीपीएपी पर रखा गया। लगातार 15 दिनों तक मशीन के सपोर्ट पर रखने के बाद स्थिति में पूर्णतः सुधार होने पर 29 दिनों तक भर्ती रखने के बाद शिशु को 15 अक्टूबर 2025 को डिस्चार्ज किया गया।

शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, एसएनसीयू के प्रभारी चिकित्सक और स्टाफ द्वारा कुंतन के नवजात शिशु के ईलाज, सहायता और मॉनिटरिंग से डिस्चार्ज के समय उसका वजन 01 किलोग्राम 980 ग्राम हो गया और वह पूर्णतः स्वस्थ है। बच्चे की आरओपी नेगेटिव है। इस सफलता के लिए सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने एसएनसीयू के समस्त स्टॉफ को बधाई दी है और कहा कि भविष्य में भी एसएनसीयू की सेवाओं को उत्कृष्ट बनाये रखने में इसी तरह से मानवसेवा के भाव से मदद करते रहें।

गंभीर स्थिति में भर्ती कराने के बाद 29 दिनों के निरंतर उपचार से शिशु के स्वस्थ होने पर माता-पिता कुंतन व विनोद कुर्वेती बहुत खुश हैं। उन्होंने





बताया कि उनके शिशु का जिला चिकित्सालय में मुफ्त में उपचार हो गया है। किसी प्रायवेट अस्पताल में 29 दिनों तक शिशु को भर्ती रखकर उपचार कराते तो उन्हें लाखों रुपये खर्च करने पड़ते और वह इसमें सक्षम नहीं थे। कुंतन एवं विनोद ने भी उनके बच्चे को स्वस्थ करने के लिए एसएनसीयू के चिकित्सकों एवं स्टाफ को दिल से दुआयें दी है।

## सांसद श्रीमती पारधी पुनी में आंगनवाड़ी भवन, सीसी रोड का भूमिपूजन, हाईमास्क लाईट का लोकार्पण करेंगी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 16 अक्टूबर को प्रात:10:30 बजे बालाघाट से ग्राम पुनी के लिए प्रस्थान करेंगी और पुनी में आंगनवाडी भवन एवं पंचायत निधि से सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन करेंगी तथा ग्राम में लगायी गई होईमास्क लाईट का लोकार्पण करेंगी। इसके पश्चात सांसद श्रीमती पारधी दोपहर 12 बजे नागपुर होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

## संपादकीय

### मंडला...मंत्री का जिला, भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है

मंडला... कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला यह जिला, अब एक अलग पहचान की ओर बढ़ रहा है .... भ्रष्टाचार का गढ़ बनने की ओर। और यह कोई आम बात नहीं है, क्योंकि यह वही जिला है, जिसे वर्तमान में मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके अपना गृह जिला कहती हैं। लेकिन अफसोस यह है कि जिस जिले से एक मंत्री जनता की सेवा और सुशासन की कसमें खाकर आगे बढ़ी थीं, वहीं आज अफसर बेलगाम, और व्यवस्था बेजान नजर आ रही है। शासन-प्रशासन की नाकामी का आलम यह है कि अब किसी सरकारी दफ्तर में बिना रिश्वत के कोई काम होना असंभव सा लगता है। और यह केवल जनता का रोष नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है। चाहे शिक्षा विभाग की फाइल हो, बिल पास करने की प्रक्रिया हो या तबादलों की सूची .... सब कुछ रेट लिस्ट पर चल रहा है। हाल ही में एडह और लोकायुक्त की दो बड़ी कार्रवाईयों ने मंडला के सिस्टम की पोल खोल दी .... पहले जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (DPC) अरविंद विश्वकर्मा और उनकी पत्नी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया, और फिर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक यंत्री नरेंद्र गुप्ता को। लेकिन विडंबना यह है कि इन अधिकारियों पर कार्रवाई केवल कागजों में सीमित रह गई। जिन्हें पकड़ा गया, वे अब भी शिक्षा कार्यालय की बैठकों में देखे जा रहे हैं, फाइलों पर टिप्पणी कर रहे हैं, और अपने संपर्क सूत्रों के जरिए विभागीय कामों को प्रभावित कर रहे हैं। अब सवाल उठता है .... क्या मंडला का प्रशासन इन भ्रष्ट अधिकारियों से डरता है, या फिर मंत्री के संरक्षण में ये भ्रष्टाचार का कारोबार फल-फूल रहा है? यदि यह सब मंत्री सम्पतिया उइके की जानकारी में है, तो यह उनकी छवि और साख दोनों पर प्रश्नचिह्न है, और यदि जानकारी में नहीं है .... तो यह उनकी कार्यशैली की नाकामी का प्रमाण है। जिले के प्रभारी मंत्री प्रदीप जयसवाल की चुप्पी भी बहुत कुछ कह रही है। जब पूरे जिले में शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार की चर्चाएँ आम हैं, अधिकारी रिश्वतखोरी में रंगे हाथ पकड़े जा चुके हैं, तब प्रभारी मंत्री का मौन जनता के बीच और भी गहरा अविश्वास पैदा कर रहा है। जनता अब यह पूछने लगी है .... क्या मंत्री मंडला में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने से डर रहे हैं? या फिर यह मौन किसी राजनीतिक समझदारी का हिस्सा है? गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का बयान, कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है और भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, कोई अतिशयोक्ति नहीं है .... बल्कि हकीकत है। शिक्षा के नाम पर मंडला में जो खेल चल रहा है, वह आने वाली पीढ़ियों की नींव को खोखला कर रहा है। अब वक्त आ गया है कि मंत्री सम्पतिया उइके और प्रभारी मंत्री प्रदीप जयसवाल .... दोनों को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए। भ्रष्टाचार की फाइलें दबाने से अब काम नहीं चलेगा। मंडला की जनता अब सिर्फ कार्रवाई की खबर नहीं, कार्रवाई का असर देखना चाहती है। क्योंकि जब मंत्री का गृह जिला ही भ्रष्टाचार का केंद्र बनेगा, तो प्रदेश में ईमानदारी की उम्मीद करना .... सिर्फ एक मजाक बन जाएगा।

**मुकेश श्रीवास**

# ट्रंप टैरिफ के बाद भारत, अमरीका व विश्व

अगर ट्रंप प्रत्यक्ष करों में कमी भी करते हैं, तो इसका फायदा केवल उच्च आय वर्ग को होगा, और कम आय वाले या सरकारी खैरात पर जीने वाले लोगों को इसका असली खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में विश्व अर्थव्यवस्था में एक बड़ी उथल-पुथल लाने वाले साबित हो रहे हैं। अर्थशास्त्री, व्यापार विशेषज्ञ, भू-राजनीतिक विशेषज्ञ और आम आदमी, शायद हर कोई राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ संबंधी तीखे हमले की चर्चा कर रहा है। हम जानते हैं कि 2 अप्रैल 2025 से राष्ट्रपति ट्रम्प दुनिया भर के देशों पर अत्यधिक उच्च टैरिफ, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं, लगा रहे हैं। तर्क यह है कि अन्य देश उच्च टैरिफ लगा रहे हैं, इसलिए वे भी उन पर पारस्परिक टैरिफ लगा रहे हैं। हम समझते हैं कि उच्च जीडीपी के साथ, अमेरिका जो दुनिया में सबसे अधिक है, में लगभग कोई उत्पादन नहीं होने के कारण, यह दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है जहां लगभग हर देश निर्यात कर रहा है। चीन अमेरिका का सबसे बड़ा निर्यातक है, और यद्यपि भारत चीन की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका को बहुत कम निर्यात करता है, फिर भी, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार रहा है। वित्तीय वर्ष 2025 में, भारत का अमेरिका को निर्यात 86.5 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात 45.3 बिलियन डॉलर था, जिसके परिणामस्वरूप भारत के लिए 41 बिलियन डॉलर का वस्तु व्यापार अधिशेष था। वित्तीय वर्ष 2025 में, भारत का अमेरिका के साथ सेवा व्यापार अधिशेष भी लगभग 3.2 बिलियन डॉलर था, जिसमें 28.7 बिलियन डॉलर का निर्यात और 25.5 बिलियन डॉलर का आयात था।



इससे वित्तीय वर्ष 2025 में भारत का कुल व्यापार अधिशेष लगभग 44.4 बिलियन डॉलर हो गया। लेकिन वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार हमें पूरी तस्वीर नहीं दे सकता। कुछ विश्लेषण बताते हैं कि शिक्षा (जहां भारतीय छात्र सालाना अरबों डॉलर खर्च करते हैं), डिजिटल सेवाओं और रॉयल्टी जैसी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिका का भारत के साथ वास्तव में एक महत्वपूर्ण समग्र अधिशेष हो सकता है। अगर आप ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित देशों पर नजर डालें, तो उनकी प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं है। कुछ देश ऐसे हैं जो पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर चुके हैं, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जो भविष्य में किसी समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं और कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने जवाबी कार्रवाई करने का विकल्प चुना है, और वे अमेरिका के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, भले ही इससे उन्हें अमेरिकी बाजारों का नुकसान उठाना पड़े। भारत दूसरी श्रेणी में आता है, जो अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन अभी तक अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। चीन तीसरी श्रेणी में आता है, जो शुरू में अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा था, लेकिन अब अमेरिका के खिलाफ जवाबी रुख अपना रहा है।

भारत की रणनीतिक और नीतिगत प्रतिक्रियाएं : भारत ने दबाव, कूटनीति, आंतरिक समर्थन और पुनर्निर्देशन के बीच संतुलन बनाते हुए एक संतुलित और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। अपने कूटनीतिक और बातचीत के विकल्प खुले रखते हुए और बातचीत करने, मुद्दों को सुलझाने और तुरंत जवाबी कार्रवाई करने के बजाय अमेरिका से बातचीत करने की इच्छा का संकेत देते हुए, भारत ने बढ़ते व्यापार युद्ध से बचने और रणनीतिक संबंधों को बनाए रखने की कोशिश की है। इस संदर्भ में भारत ने लचीलापन और सद्भावना दिखाई है। भारत ने अमेरिकी दबाव कम करने के लिए कुछ अमेरिकी वस्तुओं (जैसे व्हिस्की, मोटरसाइकिल) पर शुल्क भी कम किया है। लेकिन साथ ही, भारत अपने निर्यात (विशेषकर वस्त्र) को नए बाजारों की ओर बढ़ा रहा है, ताकि अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम हो सके। हालांकि नए बाजार अमेरिकी पैमाने या मांग के अनुरूप नहीं हो सकते, लेकिन ये निश्चित रूप से अमेरिकी टैरिफ और अमेरिकी बाजार के संभावित नुकसान से उत्पन्न होने वाले जोखिमों से बचाव में मदद करेंगे। सरकार प्रभावित निर्यातकों को राहत और सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि राजकोषीय बाधाएं इन राहतों के दायरे को सीमित कर सकती हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका और भारत के बीच एक मुद्दा रूसी तेल की खरीद है, जिससे भारत सालाना एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की बचत कर रहा है, और यदि इस बचत का एक अंश अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए उपयोग किया जाता है, तो भी भारत को बड़ा लाभ हो सकता है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में, सुलह के दृष्टिकोण को कमजोरी के रूप में देखा जा सकता है, भारत के सकारात्मक दृष्टिकोण ने निश्चित रूप से तत्काल तनाव बढ? से बचने में मदद की है। भारतीय नेताओं (जैसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह) ने कहा है कि भारत ने व्यापक सोच और उदारता का हवाला देते हुए 50 फीसदी टैरिफ पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन, बौद्धिक हलकों में यह समझ है कि भारत का दृष्टिकोण अधिक परिपक्व है और उसकी सराहना भी हो रही है, हालांकि प्रमुख अर्थशास्त्रियों और आवाजों ने अमेरिकी टैरिफ नीति की साजनिक रूप से आलोचना की है, और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की गीता गोपीनाथ ने तो अमेरिकी दृष्टिकोण को नकारात्मक स्कोरकार्ड तक कह दिया है।

ट्रम्प के टैरिफ से व्यवधान : ट्रम्प के टैरिफ से पहला व्यवधान अमेरिका में ही हो रहा है। अमेरिका में लोगों को टैरिफ का असर पहले ही महसूस होने लगा है, क्योंकि हम जानते हैं कि इन टैरिफ के कारण अमेरिका द्वारा आयात किए जा रहे उत्पादों की लागत बढ़ रही है। हालांकि, ट्रंप के टैरिफ का पूरा असर आने वाले समय में ही पता चलेगा, क्योंकि दुकानों में पहले से मौजूद स्टॉक पुरानी कीमतों पर ही बिक रहा है और कुछ शिपमेंट जो पहले से ही चल चुके थे, वे भी कम कीमतों पर, लेकिन ऊंचे टैरिफ के साथ आ सकते हैं, क्योंकि भारत और अन्य देशों के अधिकांश निर्यातक पहले ही अमेरिकी खरीददारों के साथ डिस्काउंट देने की बातचीत कर चुके हैं और इसलिए फिलहाल कीमतों पर बहुत कम असर होगा। लेकिन बाद में जब सभी आयातों पर पूर्ण टैरिफ लगाया जाएगा, तो कीमतों पर असर गंभीर होगा। कई उत्पाद ऐसे हैं, जिन पर टैरिफ लगाया जाता है, अमरीका को आयात करना ही पड़ता है, चाहे स्थिति कैसी भी हो। दवा उत्पादों पर ऊंचे टैरिफ से स्वास्थ्य लागत बढ़ेगी। संसाधनों की कमी के कारण अमेरिकी प्रशासन किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को मुआवजा नहीं दे पाएगा।

अगर ट्रंप प्रत्यक्ष करों में कमी भी करते हैं, तो इसका फायदा केवल उच्च आय वर्ग को होगा, और कम आय वाले या सरकारी खैरात पर जीने वाले लोगों को इसका असली खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अमेरिका में मुद्रास्फीति के कारण ब्याज दरें बढ ?ा तय है, जिससे अमेरिकी निवासियों के लिए स्थिति और भी खराब हो सकती है, क्योंकि उन्हें आवास और अन्य उपभोक्ता उत्पादों के लिए पहले से लिए गए ऋणों पर उच्च ब्याज दरें चुकाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टैरिफ का विभिन्न वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव पड ? की संभावना है, लेकिन निश्चित रूप से सबसे ज्यादा असर समाज के सबसे निचले तबके पर पड़ेगा। कुछ उद्योग कहीं ज्यादा प्रभावित हैं (इस्पात, ऑटोमोबाइल, उच्च तकनीक, कृषि)। निर्यात या आयात पर निर्भर क्षेत्रों को असमान रूप से नुकसान पहुंच रहा है। कृषि क्षेत्र में, अमेरिकी किसानों ने बाजार खो दिए हैं (उदाहरण के लिए, चीन ने अमेरिका से सोया की खरीद कम कर दी है)। तीसरा, कुछ अर्थशास्त्रियों को डर है कि ये शुल्क अमेरिका में सकल घरेलू उत्पाद और मजदूरी को प्रभावित करेंगे। बहरहाल भारत अपने हितों की रक्षा करते हुए, प्रतिकूल भारत-अमेरिका संबंधों में अत्यधिक संयम बरत रहा है, जिसे शायद अधिक विवेकपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## राशिफल

मेष राशि :- धन लाभ होगा, योजनायें फलीभूत होंगी, कार्य कुशलता से पूर्ण संतोष होगा, कार्य धैर्य से करें।

वृष राशि :- मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, समय स्थिति का ध्यान अवश्य रखें।

मिथुन राशि :- मनोबल उत्सावर्धक रहेगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य पर ध्यान दें।

कर्क राशि :- कार्य क्षमता में वृद्धि से संतोष होगा, कार्य कुशलता से सफलता मिलेगी, मनोबल उत्सावर्धक होगा।

सिंह राशि :- धन लाभ होगा, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा, कार्य कुशलता पर ध्यान देंगे, परिश्रम से लाभ होगा।

कन्या राशि :- इष्ट मित्रों से मान-प्रतिष्ठा व प्रभुत्व वृद्धि होगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, आलस्य से हानि होगी।

तुला राशि :- कुटुम्ब की समस्याओं में धन व्यय होगा, भ्रमणशील स्थिति रहेगी, कार्यगति पर ध्यान देने से कार्य बनेंगे।

वृश्चिक राशि :- आर्थिक योजना पूर्ण होगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कार्य बनेंगे।

धनु राशि :- परिश्रम से धन लाभ होगा, अधिकारियों से मेल-मिलाप होगा जिससे कार्य बनेंगे, कार्य कुशलता से हर्ष होगा।

मकर राशि :- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, स्थिति पर नियंत्रण अवश्य ही रखें, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा, धैर्य अवश्य रखें।

कुंभ राशि :- विशेष कार्य स्थगित रखें, मानसिक विविधता बनेगी, कार्य अवरोध से मन अशांत रहेगा, सावधानी अवश्य रखें।

मीन राशि :- प्रयास से सफलता मिलेगी, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, उत्तम सफलता मिलेगी।

# बिहार की जनता को अबकी बार चुनाव में जागरूक होना होगा तभी, बिहार के साथ न्याय होगा

बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा हो गई है। बिहार में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी। नामांकन की प्रक्रिया 17 अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन की जांच 18 अक्टूबर को होगी। दूसरे चरण का नोटिफिकेशन 13अक्टूबर को होगा। नामांकन 20 अक्टूबर तक किए सकेंगे। नाम वापस लेने की तिथि 23 अक्तूबर है। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी।बिहार, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और बुद्धि के लिए जाना जाता है, आज भी विकास की राह में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। इन चुनौतियों का मूल कारण केवल व्यवस्था की कमियाँ नहीं हैं, बल्कि जनता की राजनैतिक असावधानी भी है। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनावों में बिहार की जनता को पहले से कहीं अधिक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनकर सामने आना होगा।राजनीति केवल नेताओं की कुर्सी की लड़ाई नहीं होती, बल्कि यह जनता के भविष्य की दिशा तय करती है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि जाति, धर्म, या छोटी-छोटी सुविधाओं के नाम पर लोग अपने अमूल्य वोट का दुरुपयोग कर बैठते हैं। नतीजा यह होता है कि चुनाव जीतने वाले नेता जनता की असली समस्याओं – शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध – से दूर होते चले जाते हैं।अबकी बार बिहार की जनता को यह समझना होगा कि वोट केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है। किसी उम्मीदवार को केवल चेहरे या पार्टी के नाम पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, कामकाज और ईमानदारी पर परखना जरूरी है। जनता को यह सोचना चाहिए कि कौन सा प्रतिनिधि बिहार के युवाओं के लिए रोजगार ला सकता है, कौन सड़कों और अस्पतालों की हालत सुधार सकता है, और कौन वास्तव में गांवों तक विकास पहुँचा सकता है।सोशल मीडिया के इस युग में जानकारी की कोई कमी नहीं है। इसलिए हर नागरिक को चाहिए कि वह नेताओं के वादों की जांच करे, पिछले कामों का मूल्यांकन करे और वोट डालने से पहले सोच-समझकर निर्णय ले। यही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।



लेखक: चंद्रकांत सी पूजारी, गुजरात

यदि बिहार की जनता इस बार सच में जागरूक होकर मतदान करेगी, तो न केवल सही सरकार बनेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियाँ भी एक बेहतर बिहार का सपना साकार होते देखेंगी।अबकी बार बिहार की जनता को जाति, धर्म या प्रलोभन से ऊपर उठकर विकास और सुशासन को वोट देना होगा। क्योंकि जब जनता जागरूक होती है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है – और जब लोकतंत्र मजबूत होता है, तभी बिहार सच में बुद्ध की धरती से विकास की धरती बनता है।

# सृजन ने 38000 महिला किसानों तक बढ़ाई पहुंच

**जबलपुर।** सेल्फ रिलायंट इनीशिएटिव्स थ्रू जॉइंट एक्शन (सृजन) ने महिलाओं द्वारा संचालित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों (एफपीसी) को मजबूत करने और ग्रामीण भारत में महिला किसानों के लिए आर्थिक अवसर बढ़ाने के प्रयासों को विस्तार दिया है। पहले चरण में 24,000 से ज्यादा महिला किसानों तक पहुंचने में सफलता मिली थी। पहले चरण की सफलता को देखते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन की तरफ से नए ग्रांट सपोर्ट के साथ प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में 19 एफपीसी से जुड़ी कुल 38,000 से ज्यादा महिला किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना, उन्हें बाजार तक बेहतर पहुंच दिलाना, नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने के लिए सक्षम बनाना है।

वॉलमार्ट डॉट ओआरजी के सोशल एंड एनवायरमेंटल इम्पैक्ट एडवाइजर निशांत गुप्ता ने कहा, महिला किसानों को सशक्त करना कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को दृढ़ बनाने के लिए जरूरी है। हमें बाजार तक पहुंच बढ़ाने, क्षमता निर्माण को गति देने और एग्री वैल्यू चेन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सृजन का समर्थन करते हुए खुशी हो रही है।

प्रोजेक्ट के अगले चरण को लेकर सृजन के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री प्रसन्ना खेमरिया ने कहा, हम ज्यादा समावेशी, दक्ष एवं लाभदायक एफपीसी इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक ऐसा इकोसिस्टम जो कृषि उत्पादन के इर्द-गिर्द केंद्रित हो और जहां वैल्यू चेन में महिला किसानों की ज्यादा भागीदारी हो।

केन बेतवा महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की डायरेक्टर माया घोष ने कहा, 34 विलेज लेवल कलेक्शन सेंटर (वीएलसीसी) के अपने नेटवर्क के माध्यम से हमने सफलतापूर्वक सीधे महिला किसानों से 448 टन कृषि उत्पादों की खरीद की। सीधी बिक्री से हमारे सदस्यों को अच्छी कीमत मिली और किसानों को भी बेहतर मूल्य मिला।

नवंबर, 2022 से नवंबर 2024 के बीच पहले चरण में प्रोजेक्ट से समर्थन प्राप्त 12 एफपीसी का टर्नओवर 190 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया । वहीं उनके शेयरहोल्डर्स की वार्षिक आय में 30,000 रुपये का इजाफा हुआ था, जो 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। शेयरहोल्डर्स की संख्या भी 6,614 से बढ़कर 24,328 हो गई, जिनमें 88 प्रतिशत महिलाएं हैं। एफपीओ को उत्पाद बेचने वाले शेयरधारकों की संख्या 39 प्रतिशत और एफपीओ से इनपुट खरीदने वाले शेयरहोल्डर्स की संख्या 88 प्रतिशत तक बढ़ गई। दूसरे चरण में एफपीसी के भीतर प्रशासनिक व्यवस्था एवं परिचालन को मजबूत करने और महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिकाएं संभालने में सक्षम बनाने पर फोकस किया जाएगा। सभी 19 एफपीसी स्वतंत्र तरीके से परिचालन करेंगी और लंबी अवधि में पर्यावरण के अनुकूल कार्य करेंगी। अनुमान है कि 70 प्रतिशत किसान बेहतर फसल प्रबंधन की प्रक्रियाओं को अपनाएंगे और बढ़ी हुई उत्पादकता का लाभ उठाएंगे।

# होंडा मोटरसाइकल और स्कूटर इंडिया ने जबलपुर, मध्य प्रदेश में सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक अहम कदम रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित किया

### रोड सेफ्टी कन्वेंशन में 120 से ज्यादा स्कूल प्रिंसिपल और टीचर्स ने लिया हिस्सा

**जबलपुर।** होंडा मोटरसाइकल और स्कूटर इंडिया ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में रोड सेफ्टी कन्वेंशन का आयोजन किया, जिसमें 120 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक शामिल हुए। यह पहल एचएमएसआई की चल रही परियोजना ह्यमाइंडसेट डेवलपमेंट फॉर आवर फ्यूचर जनरेशनह्ळ का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करना है। यह कन्वेंशन श्री बैजनाथ प्रजापति (उप पुलिस अधीक्षक, ट्रैफिक, जबलपुर), श्री घनश्याम सोनी (जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर), श्री संजय मेहरा (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, जबलपुर) और श्री प्रभु नागराज (ऑपरेटिंग ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, होंडा मोटरसाइकल और स्कूटर इंडिया) की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। सत्रों के दौरान शिक्षकों को ह्यकिड्स माइंडसेट चेंज अवेयरनेस मॉड्यूल्सह्ळ से परिचित कराया गया, जो उन्हें छात्रों में सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करने के तरीकों पर मार्गदर्शन देने के लिए तैयार किए गए हैं। इस कन्वेंशन का उद्देश्य स्कूलों को इन मॉड्यूल्स को अपनी शिक्षण प्रक्रिया में शामिल करने




के लिए प्रेरित करना है, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश छात्रों तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सके। एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से स्कूल इन मॉड्यूल्स को नियमित रूप से एक्सेस और उपयोग कर सकेंगे। कंटेंट को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा ताकि सभी छात्रों को लगातार सड़क सुरक्षा के सही अभ्यासों की जानकारी मिलती रहे। स्कूलों को यह सुविधा भी दी गई है कि वे इन सत्रों को लाइव-स्ट्रीम कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ये मॉड्यूल्स कई भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिससे स्कूल अपनी सुविधा अनुसार इनका उपयोग कर सकें। अब तक एचएमएसआई पूरे भारत में 18 रोड सेफ्टी कन्वेंशन सफलतापूर्वक आयोजित कर चुका है, जिसके माध्यम से 2000 से अधिक स्कूलों तक पहुँच बनाई गई और 8 लाख से ज्यादा छात्रों को जागरूक किया गया। इस प्रभावशाली पहुँच को आगे बढ़ाते हुए, एचएमएसआई इस वर्ष कार्यक्रम को और विस्तार देने की योजना बना रहा है ताकि देशभर के अधिक स्कूलों और समुदायों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुँचाया जा सके। प्रिंसिपल और शिक्षकों को सीधे शामिल करके कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि सुरक्षा का संदेश कक्षा के माध्यम से कई गुना फैलाया जाए, जिससे अंततः परिवारों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। एचएमएसआई के वैश्विक सुरक्षा स्लोगन ह्यसेफ्टी फॉर एवरीवनह्ळ से प्रेरित होकर, होंडा एक ज़िम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता पीढ़ी को तैयार करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह कन्वेंशन सड़क सुरक्षा शिक्षा की पहल को विस्तार देने का प्रयास है, ताकि छात्रों में कम उम्र से ही सुरक्षित व्यवहार की संस्कृति विकसित की जा सके। शिक्षकों, प्रशासकों और स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर सहयोग के माध्यम से कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि सड़क सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भारत की आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनशैली का हिस्सा बने।

### कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी किया आदेश

# जिले में हार्वेस्टर के लिए 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' अनिवार्य

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जिले में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष तिवारी ने फसल कटाई हेतु उपयोग होने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा होना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में कहा है कि यदि हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम नहीं है, तो हार्वेस्टर मालिक को बेलर की व्यवस्था करनी होगी ताकि फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सके।**



आदेश का पालन न करने पर संबंधित हार्वेस्टर मालिक पर दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास और सहायक कृषि यंत्री द्वारा कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में यह बात लाई गई थी कि जिले में फसल कटाई (खरीफ में धान और रबी में गेहूं) में उपयोग होने वाले हार्वेस्टर बिना 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' के संचालित हो रहे हैं। इसके कारण फसल अवशेष नरवाई को जलाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जबकि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में सहायक कृषि यंत्री को जिले में उपलब्ध और बाहर से आने वाले सभी कम्बाईन हार्वेस्टर मालिकों को सूचित करने तथा आदेश के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

## आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कटनी। राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर "मौसमी बीमारियों में आयुष सेवायें" थीम के तहत जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि के लिए प्रेरित किया गया एवं नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 875 नागरिकों को लाभांवित किया गया। ज़िला आयुष अधिकारी डॉ० आशीष रेजा ने बताया कि यह शिविर खरखरी, खितौली, गणेशपुर सहित अन्य स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया।

# मारपीट के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखण्ड बड़वारा स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही की प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी के बीच हुये मारपीट के मामले में कार्यवाही करते हुये दोनों को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनी से अभद्रता की गई एवं अपशब्दों का प्रयोग किया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनी द्वारा अपने परिजनों को बुलाकर प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी से मारपीट की गई एवं अपशब्दों का प्रयोग किया गया। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के विरूद्ध थाना बरही में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गयी है। इस कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है एवं यह कृत्य विद्यालय एवं शिक्षकीय पद की गरिमा के विपरीत है। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमति सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक श्री तिवारी का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता हैं जो कि पदीय दायित्वों के विपरीत घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता हैं। इसके बाद, कलेक्टर श्री तिवारी ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम '9' के प्रावधानसुसार शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरही की प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नियत कर दिया गया है। निलंबन अवधि में दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## सिवनी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कबीर वार्ड में वितरित की शैक्षणिक सामग्री



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** सिवनी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कबीर वार्ड सिवनी में विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लोअर, टी-शर्ट, स्कूल बैग, ड्रॉइंग बुक, पंखा, दरी, जूते-मोजे, पेन-पेंसिल सहित अनेकों आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सिवनी के अध्यक्ष संजय कुमार मालू, सचिव दौलत सेवलानी, सह सचिव अनिल नाहटा, कोषाध्यक्ष अनिल सिंघानिया, कार्यकारिणी सदस्य रमेश तिवारी, डी.पी. साहू, बलराम सेवलानी, प्रकाश तेंभरे, सुनील मालू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रजमोहन सिंह बघेल एवं मुकेश नेमा, कुर्मी वार्ड से वंदना सोनकेशरिया, आनंद मोहन शर्मा कबीर वार्ड से श्वेता करिया, भारती वैस , सामग्री वितरण में उपस्थित रहे।जिनका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान रहा। साथ ही कई अभिभावकों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। विद्यालय के बच्चों ने चैंबर सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने हाथों से बनाए हुए वेस्टेज अखबरी पेपर से तैयार सुंदर गुलदस्ते अतिथियों को भेंट किए। बच्चों की इस रचनात्मक पहल की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और भविष्य में कुछ बनकर समाज तथा देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने चैंबर पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी पहलें विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बच्चों की सुविधा और शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु आगे भी विभिन्न प्रयास करने की घोषणा की तथा सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। संस्था ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सहयोग और प्रेरणा की भावना पहुँचाना ही उसका मुख्य उद्देश्य है।

# निगम के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ शत-प्रतिशत कर्मचारी ए.ई.बी.ए.एस पोर्टल पर दर्ज करें रोजाना की उपस्थिति



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** शासन द्वारा निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी एवं प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, एकरूपता एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा विकसित एमपी अटेंडेंस पोर्टल पर ए.ई.बी.ए.एस उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। शासन निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग के शत-प्रतिशत अधिकारी-कर्मचारी रजिस्टर्ड लोकेशन के अनुरूप ही अनिवार्य रूप से रोजाना की उपस्थित दर्ज करना सुनिश्चित करें, उपस्थिति कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को वेतन आहरण में परेशानियों का सामना करना पड सकता है। उक्त निर्देश उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता नें बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित सभी स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दौरागा की मौजूदगी रही। उपायुक्त श्री गुप्ता नें बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नगर की सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मचारियों की उपस्थिति की सुविधा हेतु 5-6 लोकेशन निर्धारित की जा चुकी है। उक्त लोकेशन के अनुरूप की प्रातः कालीन एवं रात्रिकालीन सफाई कार्य में संलग्न सफाई कर्मचारी अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज करें। उपायुक्त श्री गुप्ता नें स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को सफाई कर्मचारियों की उपस्थित दर्ज करने के कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आप स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर सकते है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के उपस्थित कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं एवं संशयों का निराकरण प्रभारी ई-गवर्नेंस संदीप पाठक द्वारा किया गया। बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता नें आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में विशेष ध्यान देते हुए नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के साथ ही विभागीय सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस एवं 100 दिवस की लंबित शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।

### स्वच्छता लक्षित इकाई के तहत दो स्थलों पर की गई विशेष सफाई

निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाइयों क्लीननेस टारगेट यूनिट सीटीयू का चयन किया जाकर आदर्श इकाई के रूप में विकसित करने की पहल के तहत विगत दिवसों नगर के दो स्थल चिन्हित कर विशेष सफाई की जाकर रंग बिरंगे कलरों से पेंटिंग कर स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मापदंडों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थलों को क्लीननेस टारगेट यूनिटस्ट के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है ताकि सम्पूर्ण नगर को स्वच्छ कटनी के रूप में प्रतिष्ठित किया जा सके। इसी तारतम्य में विगत दिवस नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दुर्गा मंदिर के पास एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम रोड स्थल को चयनित करते हुए उक्त स्थलों की साफ–सफाई उपरांत रंग रोगन कर स्थलों को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया।



## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर पवई में गूंजा संदेश – स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर पवई विकासखंड में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिक्षण संस्थानों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र पवई की टीम ने शासकीय मॉडल स्कूल पवई, शासकीय हाई स्कूल मुराछ, शासकीय माध्यमिक शाला नन्ही पवई एवं शासकीय माध्यमिक शाला उमरिया का भ्रमण कर छात्रों के बीच हाथ धुलाई की गतिविधियों का निरीक्षण एवं प्रोत्साहन किया। विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लस्वच्छ हाथ ही स्वस्थ जीवन की पहली शर्त हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे हाथ धोने की आदत को अपने दैनिक जीवन का स्थायी हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। मास्टर ट्रेनर सौरभ जैन ने विद्यार्थियों को हाथ धुलाई की वैज्ञानिक प्रक्रिया और उसके छह चरणों का प्रदर्शन कर विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के इस जनअभियान को नई दिशा दी। इस आयोजन की सफलता में मॉडल स्कूल पवई के प्राचार्य जीतेंद्र सोनी, हाई स्कूल मुराछ के प्राचार्य रामसेवक सिंह, माध्यमिक शाला नन्ही पवई के प्रधानाध्यापक प्रेम सागर कुंवर एवं माध्यमिक शाला उमरिया के प्रधानाध्यापक अशोक सोनी का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह प्रयास एक सशक्त कदम साबित हुआ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल, जिला संयोजक सुजल मिश्रा, नगर मंत्री सृजल सिंह ठाकुर, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदित्य बघेल, नगर सह मंत्री उमेश सनोडिया, खुशबू परिधि एवं प्रियांशु सनोडिया सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला संयोजक सुजल मिश्रा ने नवीन कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के इतिहास, उद्देश्य एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा गैर–राजनीतिक छात्र संगठन है, जो छात्रहित और राष्ट्रहित में निरंतर कार्यरत है। इसके पश्चात नगर मंत्री सृजल सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी (2025–26) की घोषणा की, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस झ्र नवीन कार्यकारिणी (2025–26) अध्यक्षः बृजेश जंघेला कॉलेज मंत्रीः बहन श्रेया बघेल उपाध्यक्षः अभिजीत पटले, अमन जंघेला, बहन कोहिमा सनोडिया सहमंत्रीः आयुष साहू, प्रशांत बघेल, विभा रजक SFD प्रमुखः अमित रघुवंशी, बहन भुवनेश्वरी तुमदम SFD सह प्रमुखः रानू वर्मा, बहन दुर्गेश्वरी तिवारी SFS प्रमुखः चंद्रशेखर चंद्रवंशी SFS सह प्रमुखः विशाल मरकाम, बहन सृष्टि साहू खेलो भारत प्रमुखः प्रखर रुनिझा सह खेलो भारत प्रमुखः कैलाश राठौर राष्ट्रीय कला मंचः आयुष श्रीवास सह राष्ट्रीय कला मंचः साक्षी जरगे स्टडी सर्किलः बहन प्रतिभा जंघेला इ.अ. प्रमुखः श्रुति बिसेन इ.उ्ङे प्रमुखः महिमा उईके इ.रू. प्रमुखः साक्षी मरावी कार्यक्रम के अंत में सभी नव–घोषित पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ कार्यकताओं ने शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किए। सभी ने ह्लज्ञान झ्र शील झ्र एकताह्व के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### पूजा पांडे सहित 10 पुलिसकर्मी हुये गिरफ्तार, आरक्षक राजेश जंघेला अब भी फरार

# सिवनी हवाला कांड: एसडीओपी सहित 10 पुलिसकर्मी 2 दिन की रिमांड पर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** सिवनी जिले में बीते सप्ताह सामने आए चर्चित हवाला कांड में बड़ा मोड़ आ गया है। पुलिस विभाग की ही एक बड़ी कार्रवाई में एसडीओपी (डीएसपी) पूजा पांडे सहित कुल 10 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को माननीय न्यायालय सिवनी में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला 8 अक्टूबर की रात लखनवाड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां हवाला राशि को लेकर एक कथित लूटकांड हुआ था। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इस वारदात में पुलिस विभाग के ही कुछ अधिकारी और कर्मचारी संलिप्त हैं। **पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं** 310(2) डकैती, 126(2) गलत तरीके से रोकना, 140(3) अपहरण और 61(2) आपराधिक षड्यंत्र के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. एसडीओपी पूजा पांडे 2. एसआई अर्पित भैरम (थाना प्रभारी, बंडोल) 3. आरक्षक योगेंद्र चौरसिया 4. नीरज राजपूत 5. जगदीश यादव 6. केदार बघेल 7. माखन इनवाती 8. सुभाष सदाफल 9. रविंद्र उईके 10. चालक रितेश, वहीं आरक्षक राजेश जंघेला अब भी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन और हवाला नेटवर्क की जाँच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। रिमांड अवधि में पुलिस यह जानने का प्रयास करेगी कि रकम का स्रोत क्या था और इसका उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था।

### पुलिस विभाग में हड़कंप

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हुई यह कार्रवाई विभाग में भारी हड़कंप का कारण बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक, पूरे प्रकरण की जांच उच्च स्तर पर की जा रही है ताकि हवाला नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

# विवादित मुस्लिम समुदाय के द्वारा किए गए अवैध कब्जे पर हुआ सीमांकन

### विहिप बजरंग दल ने दिया था स्लीमनाबाद तहसीलदार को अल्टीमेटम हरकत में आया प्रशासन

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले की स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम हरदुआ स्लीमनाबाद में सैनिक छावनी की वो भूमि जो स्लीमनाबाद भेड़ा सड़क से लगी एवं मचुर्री हाउस से लगी हुई है उस पर काफी समय से मुस्लिम समुदाय ने अवैध कब्जा कर तार बाउंड्री निर्माण कार्य कर लिया गया था आपको बता दें कि खसरा क्रमांक 53 एवं 54 दोनों खसरों में अवैध अतिक्रमण मुस्लिम समुदाय के द्वारा किया गया है जिसको लेकर पूर्व में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने दिनांक 08/10/2025 को कब्जा हटाने के लिए एक अल्टीमेटम तहसीलदार स्लीमनाबाद को सौंप कर 15 अक्टूबर तक सीमांकन करा कब्जा हटाने की मांग की गई थी जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और 08/10/2025 को ही दो जांच दल बनाकर 15/10/2025 को सीमांकन के लिए निर्देशित किया जिसके तारतम्य में विगत दिवस बुधवार को प्रशासन के द्वारा चिन्हित दोनों जांच दल मौके पर पहुंचे और एक एक बिंदु से सीमांकन किया। आपको ज्ञात हो कि सीमांकन के पहले खसरा क्रमांक 30.31.34.41.42.43 उक्त खसरा नंबर की समस्त सीमाओं का सत्यापन कर खसरा क्रमांक 54 का सीमांकन रोवर मशीन से किया गया सीमांकन में खसरा क्रमांक 54 के साथ खसरा क्रमांक 53 का भी सीमांकन सुनिश्चित किया गया, सीमांकन के बाद पंचनामा कार्यवाही की गई, सीमांकन के इस कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में ग्रामवासी राजस्व के अधिकारी कर्मचारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### इंजीनियर और सब इंजीनियर की सह पर जारी है ड्यूटी

# सेवा समाप्ति आदेश के बाद भी ठेका कर्मी कार्यरत


**सिवनी।** एमपीपीकेवीवीसीएल (MPP-KVVCL) सिवनी में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत शुभम सराठे को प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 सितंबर 2025 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया था। कंपनी के पत्र क्रमांक PWPL/2025-26/SL/1037 में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि शुभम सराठे की सेवाएं 2 अक्टूबर 2025 से समाप्त मानी जाएंगी। फिर भी चौंकाने वाली बात यह है कि सेवा समाप्ति आदेश जारी होने के बावजूद शुभम सराठे आज भी विभाग में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह स्थिति स्थानीय इंजीनियर और सब इंजीनियर की मौखिक सहमति और समर्थन के चलते बनी हुई है। कंपनी के पत्र में कर्मचारी पर अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही जैसे आरोप लगाए गए थे, जिसके आधार पर सेवा समाप्त की गई थी। लेकिन आदेश का पालन न होना विभागीय समन्वय और प्रबंधन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि यदि सेवा समाप्ति आदेश वैध है, तो उसका अनुपालन होना चाहिए। वहीं, इंजीनियरों द्वारा ऐसे कर्मचारियों को कार्यरत रखना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विभाग की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। अब देखना यह होगा कि प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड और एमपीपीकेवीवीसीएल सिवनी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।


क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?

अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव

डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक



दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज

- कील मुहांसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का सांवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# चाहे जितनी जल्दी हो, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नियमों का पालन कर बनें जिम्मेदार नागरिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का सभी से किया आह्वान

**एडवांस एप्लीकेशन एप ‡संजय‡ का किया शुभारंभ**

**डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर हुए दो अलग-अलग एमओयू**

**आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार पुस्तक एवं रोड सेफ्टी रिपोर्ट का भी किया विमोचन**

**सड़क सुरक्षा उपायों और डीडीएचआई पर हुई एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला**



भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन अनमोल है। तेजी में या असावधानीवश सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है। दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सुधरेंगे, तो जग भी सुधरेगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारी बड़ी जिम्मेदारी भी है। सिविक सेंस कहता है कि वाहन चलाते समय हमें अपने साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी समझना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सड़क सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक अच्छे वाहन चालक की सच्ची कुशलता तो इस बात में है कि हम सड़क पर अपनी सेंसिबल ड्राइविंग और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण से दूसरों को भी प्रेरणा दें। सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक सजगता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जन-जागरुकता से समाज में एक सुरक्षित यातायात संस्कृति और इसके लिए जरूरी व्यवस्थाओं का निर्माण किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध करवाने में हमारी सरकार कभी भी पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दवाकर सड़क सुरक्षा के आधुनिक उपायों पर आधारित एडवांस एप्लीकेशन "संजय" का शुभारंभ किया। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर दो अलग एमओयू हस्ताक्षरित कर परस्पर आदान-प्रदान किये गये। इस अवसर मुख्यमंत्री ने आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार की गई 'सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रणाली' पुस्तक एवं 'रोड सेफ्टी' रिपोर्ट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को कम करने के लिए लोक निर्माण विभाग नवाचार लागू कर तत्परतापूर्वक कार्य कर रहा है। आधुनिक समय में राजमार्गों के विकास के साथ सुविधा और चुनौतियां बढ़ रही हैं। प्रदेश में 9 हजार किलोमीटर के दायरे में राष्ट्रीय राजमार्ग और करीब 11 हजार किलोमीटर का राज्यमार्ग का रोड नेटवर्क है। उम्मीद है कि यह कार्यशाला सड़क सुरक्षा की दिशा में अपने लक्ष्य तक पहुंचेगी। प्रदेशवासियों की जिंदगी बचाने के लिए जो सुझाव आएंगे, उन्हें लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य शुरू किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में स्वर्णिम चतुर्भुज का निर्माण कराया था। इन दोनों के बीच 10 साल तक विकास के क्रम में थोड़ी बाधाएं आईं, यह किसी से छिपी नहीं है।

**मंथन से निकले सुझाव सड़क के लिये दीर्घकालिक धरोहर साबित होंगे :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है। यहां सड़क और राजमार्गों का बड़ा नेटवर्क है। देश के प्रमुख महानगरों तक जाने वाले मार्ग मध्यप्रदेश से होकर गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि हम सड़क सुरक्षा प्रबंधन और दुर्घटनाएं रोकने के मामले में देश में पांचवें स्थान पर हैं। समाज सरकार, जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से हम इस क्षेत्र में नंबर वन राज्य बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला में मंथन से निकले सुझाव सड़क सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक धरोहर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी ओरछा को आज नई सौगातें मिल रही हैं। मध्यप्रदेश विकास के मामले में देश का शीर्ष राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि सड़क पर जिम्मेदार नागरिक बनिए। आपकी लापरवाही आपके साथ दूसरों के जीवन पर भी भारी पड़ जाती है। आज भी कई लोग वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने से बचते हैं, सीट बेल्ट लगाने को जरूरी नहीं मानते। हेलमेट न पहनना और सीट बेल्ट नहीं लगाना यह सिर्फ नियम तोड़ना नही ज़िंदगी से खिलवाड़ है। स्पीड में गाड़ी चलाकर हीरो बनने की जरूरत नहीं, नियमों का पालन करने वाला ही असली हीरो है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़कें सुधार सकती है, हेलमेट बांट सकती है, नियम कानून बना सकती है। लेकिन गाड़ी का हैंडल और ब्रेक तो आपके ही हाथ में ही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपील की कि नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक करें। सड़क पर सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हम सब मिलकर सड़क सुरक्षा को एक आदत नहीं, एक संस्कृति बनाएं।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि सड़कों को किसी भी प्रदेश के विकास की रीढ़ माना जाता है, क्योंकि इनके बिना आर्थिक और सामाजिक प्रगति संभव नहीं है। जैसे-जैसे सड़कें आधुनिक और तेज रफ्तार यातायात के अनुकूल बन रही हैं, वैसे-वैसे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। सड़क सुरक्षा केवल कानून या चालान का विषय नहीं, बल्कि यह एक माइंडसेट का विषय है, जिसे बचपन से विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हमें नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना होगा, तभी हम दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने सड़क सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। विभाग द्वारा ‖लोकपथ ऐप‖ विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सड़क क्षति या दुर्घटना की जानकारी तुरंत साझा कर सकता है। संबंधित अधिकारी को सात दिन के भीतर उसका समाधान करना होगा। इस ऐप में ब्लैक स्पॉट अलर्ट सिस्टम भी जोड़ा गया है, जो वाहन चालकों को पहले से चेतावनी देगा कि आगे खतरनाक स्थान है। इसके अलावा ऐप में पेट्रोल पंप, रिपेयर स्टेशन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभाग ने सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण को प्राथमिकता दी है। प्रदेश में हर माह दो बार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिनमें सड़कों और भवनों की गुणवत्ता की जांच की जाती है। भविष्य में छोटी सड़कों पर सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन का कार्य एम्पैनल्ड विशेषज्ञ एजेंसियों को सौंपा जाएगा, जिससे हर सड़क पर आवश्यक साइनबोर्ड, रिफ्लेक्टर और सुरक्षा मानक सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विभाग का लक्ष्य दुर्घटना-मुक्त मध्यप्रदेश का निर्माण करना है और इस दिशा में तकनीकी सुधार, जनजागरूकता और सामाजिक सहयोग को जोड़कर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# कफ सिरप केस: छिंदवाड़ा के एक और बच्चे की मौत

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार सुबह चौरई क्षेत्र की एक और मासूम, 3 साल 6 माह की अम्बिका विश्वकर्मा की नागपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मौत के साथ ही मध्य प्रदेश में सिरप कांड से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा अब 26 पर पहुंच गया है। वर्तमान में दो और बच्चे नागपुर के अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।

**एक महीने से नागपुर में चल रहा था इलाज :** जानकारी के अनुसार, चौरई तहसील के ग्राम ककई बिल्वा निवासी अम्बिका विश्वकर्मा की तबीयत सितंबर की शुरूआत में बिगड़ी थी। स्थानीय स्तर पर इलाज से जब कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे 14 सितंबर को नागपुर ले गए थे। वहां डॉक्टरों ने जांच में किडनी फेल होने की पुष्टि की थी। करीब एक महीने तक चले इलाज के बाद बुधवार सुबह अम्बिका ने दम तोड़ दिया।

**अब तक 26 मासूमों की जा चुकी है जान :** अम्बिका की मौत के साथ ही प्रदेश में इस जहरीले सिरप से मरने वाले बच्चों की कुल संख्या 26 हो गई है। इससे पहले परासिया के मोरडोंगरी निवासी एक वर्षीय गर्विक पवार ने भी नागपुर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। लगातार हो रही मौतों से जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

# शिवराज सिंह के घर के सामने अनाज फैलाकर बैठे कांग्रेसी

## केंद्रीय मंत्री खुद निकलकर आए, जीतू को अंदर लेकर गए; बंगले के बाहर पुलिस से झड़प

भोपाल। भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सरकारी आवास के सामने किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के साथ प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी अपने साथ गेहूं की बोरी लेकर पहुंचे। शिवराज के घर के बाहर पहुंचे पटवारी और किसानों को जब अंदर नहीं जाने दिया तो प्रदर्शनकारियों ने शिवराज के घर के सामने सड़क पर ही गेहूं की बोरी उलट दी और वहीं रोड पर बैठ गए। पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो हल्की झड़प की स्थिति बन गई। दरअसल, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के साथ करीब डेढ़ दर्जन किसान आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे था। वहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की और भावांतर योजना, प्याज, धान सहित तमाम फसलों के सही दाम न मिलने को लेकर चर्चा की।



**पीसीसी दफ्तर में चर्चा की, फिर पैदल मोर्चा निकाला :** चर्चा के बाद जीतू पटवारी ने कहा- भावांतर योजना के जरिए पहले शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को ठगा था। अब एक बार फिर मध्यप्रदेश की सरकार किसानों को गुमराह कर रही है।इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि वे किसानों की समस्याओं को लेकर तत्काल कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा करने उनके बंगले पर जाएंगे।

**रेड क्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश :** जीतू पटवारी, किसानों और कांग्रेस कार्यकताओं के साथ पैदल ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से शिवराज सिंह चौहान के बंगले की ओर रवाना हो गए। जैसे ही पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना मिली, उन्होंने रेड क्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं माने। पुलिस ने कई बार सड़कों पर वाहन खड़े कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन जीतू पटवारी बार-बार पुलिस को चकमा देकर आगे बढ़ते रहे। करीब पांच बार पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे शिवराज के घर तक पहुंच गए।

**झड़प के दौरान बोरी फटी, अनाज सड़क पर बिखर गया :** वहां पहुंचने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने जीतू पटवारी सहित चार-पांच नेताओं को घर के अंदर बुलाया और उनसे कुछ देर चर्चा की। इस बीच, कांग्रेस कार्यकताओं ने भी बंगले के अंदर जाने की कोशिश की। कुछ कार्यकर्ता कंधों पर अनाज की बोरियां रखे हुए थे। पुलिस ने जब उन्हें रोका तो हल्की झड़प की स्थिति बन गई। इस दौरान एक बोरी फट गई और अनाज सड़क पर बिखर गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता शिवराज सिंह चौहान के घर के सामने ही सड़क पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी करने लगे।

# छिंदवाड़ा के राजोला में दूषित पानी से फैली बीमारी

**कुएं में मिले मृत पक्षी, 233 ग्रामीण बीमार, 10 रेफर**

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम राजोला में मंगलवार दोपहर अचानक ग्रामीणों को उल्टी-दस्त होने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे, प्रशासनिक अमला और स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल गांव भेजा। ग्रामीणों की मदद के लिए गांव पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर सर्वे शुरू किया और कुछ ही घंटों में शाम 6 बजे तक अस्थायी अस्पताल तैयार कर दिया गया। यहां पलंग, सेलाइन और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई। जांच और इलाज के दौरान लगभग 233 लोगों का उपचार किया गया। इनमें से 93 मरीजों को ड्रिप लगाई गई, 10 गंभीर मरीजों को सिंगोड़ी अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 150 ग्रामीणों को दवाएं दी गईं। गांव में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने 4 एम्बुलेंस की व्यवस्था की है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा जा सके। **देर रात कलेक्टर भी पहुंचे :** कलेक्टर हरेंद्र नारायन और सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार देर रात तक गांव में ही डटे रहे। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था और ग्रामीणों की स्थिति का लगातार निरीक्षण किया। प्रशासन की तत्परता से फिलहाल गांव की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है।

# 21 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया: मुख्यमंत्री यादव

## 87 करोड़ के 62 विकास कार्यों का लोकार्पण और 18 का भूमि-पूजन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी को अपनाते हुए भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है और शीघ्र ही दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी अंत्योदय के स्वप्न को साकार कर पं. दीनदयाल उपाध्याय के गरीब कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और राज्य सरकार गरीब से गरीब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को हर महीने वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रदेश की लाड़ली बहनें सरकार से मिलने वाली राशि से अपना घर संवार रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को देवास जिले के बागली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**देवास को मिलीं सांदीपनि विद्यालय भवन सहित अनेक सौगातें :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए 237 करोड़ लागत की नेमावर समूह जलप्रदाय योजना का लोकार्पण किया। साथ ही बागली में 34 करोड़ लागत के नवनिर्मित सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण कर बच्चों को बेहतर भविष्य की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं को रोजगार सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय देवास जॉब पोर्टल का शुभारंभ किया एवं युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगभग 87 करोड़ लागत के 62 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 18 विकास कार्यों का वर्चुअली भूमिपूजन भी किया।

**प्रदेश के 21 लाख युवा अशासकीय नौकरी व रोजगार से जोड़े गए :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास दो देवियों का जिला है। कृषि की दृष्टि से भविष्य में यह पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों को पीछे छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि देवास के लिए विकास का नया द्वार खुल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद लगभग 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाले जा चुके हैं और भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा प्रदेश के 21 लाख युवाओं को अशासकीय नौकरी और अन्य प्रकार के रोजगार से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सोनकच्छ क्षेत्र में 50 हजार क्षमता की गौशाला की शुरूआत की जा रही है। राज्य सरकार बड़ी गौशाला खोलने पर 10 लाख रुपए का अनुदान भी प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा किनारे फतेहगढ़ घाट निर्माण, बागली से जटाशंकर 17 किमी सड़क निर्माण, 2 जनजातीय बालक छात्रावास निर्माण की घोषणा भी की।

**सोयाबीन किसानों के घाटे की भरपाई के लिए संकल्पित है सरकार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीला मोजेक से सोयाबीन फसलों के प्रभावित किसानों को घाटे की भरपाई के लिए सहायता राशि दी जा रही है। सोयाबीन उत्पादक किसानों को उपज का उचित दाम मिले इसके लिए सरकार ने भावांतर योजना लागू की है। सोयाबीन का 5328 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य दिलवाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास जिले के 50 हजार से अधिक किसानों को सोयाबीन क्षति के लिए 24 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से खातों में अंतरित किए।

**दीपावली पर्व पर स्वदेशी उत्पाद खरीदने का लें संकल्प :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसकी भव्यता दुनिया को चकित करेगी। उज्जैन में भव्य-दिव्य सिंहस्थ के लिए राज्य सरकार हर स्तर पर तैयारियां कर रही है। आने वाले कुछ दिनों में दीपावली का पर्व आ रहा है। हम सभी संकल्प लें कि सिर्फ स्वदेशी ही खरीदेंगे। स्वदेशी दिये जलाएं और दूसरों के साथ खुशियां बांटें। सच्चे अर्थों में रामराज्य तभी आता है, जब छोटे से छोटे व्यक्ति को गले लगाएं और उसके घर में भी उजाला हो। राज्य सरकार भगवान श्रीराम के बताए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए सनातन संस्कृति के सभी पर्व त्यौहार धूमधाम से मना रही है। हमें अपनी विरासत पर गर्व करना चाहिए। भेदभाव मिटाते हुए सबको साथ चलने का मंत्र ही सच्चे अर्थों में सुशासन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोड शो के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रोड शो सांदीपनि विद्यालय पर संपन्न हुआ। इस दौरान रोड शो के प्रारंभ स्थल से सभा स्थल तक जगह-जगह मंच बनाकर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों ने भव्य स्वागत किया।

34 करोड़ 49 लाख रुपये लागत के सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बागली आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। देवास जिले के बागली में 34 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि उच्चतर माधायमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का अवलोकन कर इस नई उपलब्धि के लिए बागलीवासियों को बधाई भी दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सासंद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक बागली श्री मुरली भंवरा, खातेगांव विधायक श्री आशीष शर्मा, सोनकच्छ विधायक श्री राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक श्री मनोज चौधरी, श्री रायसिंह सेंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान जागृति संगठन का 'भाव दो, खाद दो' आंदोलन

**मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, दिन में 12 घंटे बिजली देने और 3300 रुपए प्रति क्विंटल धान घोषित करने की अपील की,**




रायसेन। रायसेन में किसान जागृति संगठन ने भोपाल रोड खाद गोदाम पर अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायक तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाए और उन्हें समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, अतिवृष्टि से हुए नुकसान, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी में असफलता, भावान्तर योजना की बेकार नीतियां और बिजली व स्मार्ट मीटर से जुड़ी परेशानियों पर ध्यान दिलाया। किसानों ने ज्ञापन में कहा कि भावान्तर योजना वर्तमान में किसानों के लिए नहीं बल्कि बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए है। उन्होंने इसे तुरंत रद्द करने और सोयाबीन सहित सभी फसलों की टरढ पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही, कम मूल्य पर खरीदने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता बताई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि चुनाव घोषणापत्र में धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था। इस वर्ष धान की खरीदी का मूल्य 3300 रुपए प्रति क्विंटल तय किया जाए। इसके अलावा, खाद का पर्याप्त भंडारण किया जाए और हर किसान को उसकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए।

# बैतूल कलेक्टर ने आदतन अपराधी को किया जिला बदर

बैतूल। बैतूल कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को आदतन अपराधी राजकुमार उइके को जिला बदर किया है। यह कार्रवाई राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत की गई।

राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के अंतर्गत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कलेक्टर ने राजकुमार उइके (27), पिता रामसिंह, निवासी पाठई, थाना शाहपुर को निष्कासित करने का आदेश दिया। उसे बैतूल जिले और उससे लगे सीमावर्ती जिले छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, खंडवा तथा हरदा की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। शाहपुर थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर के अनुसार, आरोपी युवक राजकुमार उइके पर लगभग 18 मामले दर्ज हैं। इनमें मारपीट, चोरी, प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां और लड़ाई-झगड़े से संबंधित मामले शामिल हैं।

# बैतूल में आज रोजगार मेला:800 से अधिक पदों पर भर्ती का मौका

बैतूल। बैतूल में 16 अक्टूबर बुधवार को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भीमपुर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। यह मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए विभिन्न निजी कंपनियों में भर्ती और प्राथमिक चयन प्रक्रिया को सुगम बनाना है। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार, मेले में कई प्रमुख कंपनियां शामिल होंगी। जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम में उत्पादन और गुणवत्ता रखरखाव के 50 पदों के लिए आईटीआई, डिप्लोमा या डिग्री धारक पात्र होंगे। कुलोदय टेक्नोपैक दमन में मशीन ऑपरेटर और मैकेनिकल हेल्पर के 100 पदों, वर्धमान फैब्रिक बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों और आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर के 120 पदों के लिए 8वीं, 10वीं, 12वीं या आईटीआई योग्यता अनिवार्य है।

# वर्ष भर वसूली करने वाला खाद्य विभाग जुटा जांच में

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले मे नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री प्राप्त हो इसके लिए सरकार द्वारा खाद्य विभाग बना गया है। लेकिन जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पूरे वर्ष भर दुकानदारों से वसूली करने के बाद त्यौहार पर कलेक्टर के आदेश पर जांच रूपी नौटंकी कर जांच की जाती है। त्यौहार निकलने के बाद किसी प्रकार की कोई सुध विभाग द्वारा नही ली जावेगी। खाद्य विक्रेताओं द्वारा धड़ल्ले से दूषित व मिलावटी सामग्री का विक्रय किया जावेगा। जबकि सरकार की मंशा है कि नागरिकों को जांच की हुई और साफ स्वच्छ सामग्री मिल रही होगी लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देशों का किया जा रहा पालन





### त्योहारों मे खुलती है नींद

जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा केवल त्यौहार के समय उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर ही नींद खुलती है इसके अतिरिक्त साल भर तसल्ली के साथ कुम्भकर्णीय नींद मे विभाग सोता रहा है। अधिकारियों के निर्देश के उपरांत की जाने वाली कार्रवाई मे भी विभाग के जिम्मेदारों द्वारा सैंपल लेकर इति श्री कर ली जाती है और पूरे साल भर दुकानों से वसूली जारी रहती है। नगर की प्रत्येक किराना तथा मिष्ठान भंडार से खाद्य निरीक्षकों द्वारा वूसली की जाती है। इनकी सांठ गांठ इतनी मजबूत होती है कि शिकायत पर जांच के नाम पर भी लीपापोती की जाती है। जबकि सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर खाद्य सामग्री मिले तथा समय समय पर उनकी जांच हो इसके लिए विभाग बनाया गया है लेकिन विभाग वसूली मे व्यस्त रहता है।

### प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों को प्रतिदिन टास्क देकर जांच करने के निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा दिए जाने चाहिए तथा इनकी संपत्ति की भी जांच की जानी चाहिए। किराना तथा मिष्ठान भंडार से की जाने वाली वसूली पर भी मुख्य फोकस बनाकर इनकी निगरानी की जानी चाहिए। दुकानदारों को डरा धमका कर खाद्य निरीक्षकों द्वारा की जाने वाली वसूली का परिणाम यह होता है कि दुकानदार लोगों को मिलावटी खाद्य सामग्री धड़ल्ले से विक्रय करता रहा है और उसे पूरा विश्वास होता है कि मेरी दुकान पर छापा नही पड़ेगा क्योकि खाद्य निरीक्षक से सांठगांठ है तथा उन्हे नजराना भी दिया गया है। प्रशासन को चाहिए कि खाद्य विभाग के कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई करे जिससे लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।

### 15 प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

कलेक्टर के निदेशों के परिपालन में दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सारिका दुबे एवं श्रीमती कविता राठौर ने नरसिंहपुर, करेली व गाडरवारा में 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मिठाई की दुकानों, दूध डेयरी व अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दूध, दही, पनीर, मिठाई, खोवा, छैना के रसगुल्ले, सोन पपड़ी, खाद्य तेल, मसाले आदि के लगभग 41 नमूनों को संग्रहीत किया। संग्रहीत नमूनों की जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कार्यवाही के दौरान मौके पर 20 किलोग्राम चाकलेट बर्फी एवं कुंदा पेड़ा विनष्टिकरण किया गया। इस दौरान खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री ढंककर रखने, स्वच्छता पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण मिठाईयों का विक्रय करने के निर्देश दिए।

## आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस शासन के निदेर्शानुसार जिला आपदा प्रबंधन क्षमता वृद्धि एवं जनजागृति कार्यक्रम 2025-26 के तहत उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम संकट मोचन बल मुम्बई एवं जिला होमगार्ड बल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सूर्यवंशी प्लाटून कमाण्डर, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एवं हवलदार सुन्दरलाल उईके की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य डॉ. गर्ग द्वारा आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए समाज में इसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता पर बल दिया तथा एन.सी.सी कैडिट्स की भूमिका को निरूपित किया। संकट मोचन बल द्वारा एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एन.सी.सी कैडिट्स को आकाशीय बिजली, भूकंप, आग, बाढ़, सर्पदंश, सीपीआर सहित अन्य आपदाओं से राहत एवं बचाव संबंधी तकनीकि मदद व सुझाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक सुश्री शीतल जाट, कृतिका झारिया सहित बड़ी संख्या में एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## सर्वसुविधा युक्त कॉलोनी का शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय के खैरी नाका के समीप श्री नरसिंह पब्लिक स्कूल के बाजू में विकसित की जा रही अक्षरधाम डी आर जे पार्क कॉलोनी के कॉलोनाइजर अमित जायसवाल ने बताया कि हमारे द्वारा अक्षरधाम कॉलोनी विगत कुछ वर्ष पहले मुशरान भवन के समीप विकसित की गई थी जिसमें सभी सुविधाएं हमारे द्वारा टी एंड सी पी की सभी शर्तों का पूरी तरह पालन करते हुए विकसित की थी जो कुछ ही वर्षों में लगभग पूर्ण विकसित हो चुकी है निवासरत लोग संतुष्ट हैं उसी क्रम में यह दूसरा फेस अक्षरधाम डी आर जे के नाम पर विकसित कर रहे हैं इसमें भी सभी जैसे, सीमेंट से




बनी मोटी सड़क, सीवरेज लाइन पाइप वाली नाली, पानी पाइप लाइन, स्ट्रीट लाइट के साथ स्वयं की डी पी के साथ बिजली की सुविधा, मध्य स्थल पर मंदिर के साथ भव्य पार्क में बच्चों को खेलने के लिए पर्याप्त जगह, पक्की बाउंड्री वाल से पूरी को सुरक्षित किया गया है भव्य प्रवेश के लिए एक ही द्वार बनाया गया है साथ ही मेडीटेशन प्वाइट, बेडमिटर कोर्ट, जागिग पार्क, आउटडोर जिम गजीबो, जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, इसमें हमारी कोशिश यही है कि सभी नियमों का पालन करते हुए जो लोग यहां निवास करे उनको कोई असुविधा न हो और न ही अपने आप को ठगा मेहसूस करे, कल 15 तारीख को कॉलोनी का शुभारंभ किया जा रहा है दीपावली के पावन पर्व पर विशेष ऑफर भी रखा गया है मात्र 51000 रुपए जमा कर अपना प्लॉट बुक कर सकते हैं और इसमें विशेष छूट के साथ ढेर सारे इनाम भी पर्व पर रखे गए है। लोगों के जीवन का सपना साकार करने के लिए हम भी सहयोगी बन रहे हैं 90 प्लॉट इस कॉलोनी में बिक्री के लिए रखे गए हैं।अक्षरधाम डी. आर. जे. पार्क सर्व सुविधायुक्त आवासीय परिसर में अपने सपनों का घर बनाने के लिए पहले आयें, पहले पायें के लिए प्लाट बुक करने के लिए प्रवेश जायसवाल , अमन जायसवाल से सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## नगद व जेवर की लूट, पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र तेंदूखड़ा अंतर्गत आने वाले बंधा ग्राम के निवासी रामकृष्ण पटैल पिता एवं मालती बाई पत्नि द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत देकर आशीष पिता मूलचंद मेहरा निवासी बौछार थाना गोटेगॉव, शिवराज पिता मुन्ना मेहरा निवासी बंधा तह. व थाना तेंदूखेडा , राकेश उर्फ छोटू पिता अमोल मेहरा बंधा तह. व थाना तेंदूखेडा ,अमोल मेहरा पिता नथ्थे मेहरा बंधा तह. व थाना तेंदूखेडा के खिलाफ लिखित शिकायत में बताया कि इन लोगों ने



जबरदस्ती आवेदक के घर से नगद राशि एवं सोने का जेबर सहित चोरी कर आवेदक गणों की पुत्री जानकी उर्फ श्रद्धा को भगाकर ले जाने तथा आवेदक गणों को बाहर से ताला लगाकर बंद करने के संबंध में बताया कि 11.10.2025 को रात्री करीब 1.30 बजे हम आवेदकगण मैं मेरी पत्नी तथा एक पुत्र रूपेश तथा मेरी पुत्री जानकी उर्फ श्रद्धा कमरे में सो रहे थे उक्त अनावेदकगण आये जबरन अलमारी में रखे नगद राशि 2,00,000 रूप्ये जो चना मसूर एवं भैस तथा पुत्री की स्कॉलरशिप के मिलाकर हुये थे जो गोदरेज में रखे हुये थे एवं जेबर सोने का करीब 2 तोला का हार, 2 तोला सोने की झुमकी 2 तोला का पैडिल रखे हुये थे तथा मोबाईल रेडमी जिसमें डली है। उक्त अनावेदक गण गुंडा गिर्दी से आये और मेरी पुत्री जानकी उर्फ श्रद्धा उम्र 19 वर्ष तथा उक्त समस्त जेबर तथा नगद राशि चोरी कर ले गये और ताला लेकर साथ में आये हम आवेदक गणों को बाहर से ताला लगाकर कमरे में बद कर-के चले गये हम आवेदक गण चिल्लाते रहे सुबह जब हम आवेदक गणो ने हमारे भाई को चिल्लाया तभी उन्होने ताला तोड़कर हमें बाहर निकाला। उक्त घटना की जानकारी पुलिस थाना तेंदूखेडा जाकर रिपोर्ट लिखाई तो उन्होने मेरी पुत्री की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर दी राशि एवं जेबर चोरी की कोई रिपोर्ट में कोई जिक्र ही नही किया। जिसकी तेंदूखेडा थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कर दी। उक्त अनावेदक गण क-3 ग्राम कोटवार है एवं सभी अनावेदक गण अनुजाति वर्ग के है जो आपराधिक प्रवित्ति के है। मुझे आशंका है कि उक्त मेरी राशि खुर्द-बुर्द कर देगे एवं मेरी पुत्री को जान से मार सकते अनावेदक गणों पर कड़ी से कडी कार्यवाही करते हुये हमारी पुत्री को ढूंढकर उक्त नगद राशि तथा जेबर दिलाये जाएं।




## जनसुनवाई में आये 130 आवेदन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 130 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग, क्लिनिक का अग्निशमन यंत्र बंद

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में मंगलवार को पलोटन गंज क्षेत्र में चरक पाली निजी क्लिनिक के सामने खड़ी एक इलेक्ट्रिक गाड़ी में अचानक आग लग गई। इस घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाने की बजाय वह और भड़क गई। कुछ ही मिनटों में गाड़ी का आधा हिस्सा जलकर खाक हो गया। इस दौरान क्लिनिक में रखे अग्निशमन यंत्र को चालू करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह काम नहीं कर पाया। करीब 10 मिनट तक कोशिशों के बावजूद अग्निशमन यंत्र सक्रिय नहीं हुआ, जिससे क्लिनिक प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। आखिरकार, लोगों ने पानी की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर 15 अक्टूबर 2025 को बच्चों, शिक्षकों एवं जन समुदाय में साबुन से हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देना व स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले की समस्त शालाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि विश्व हाथ धुलाई दिवस पर जिले की समस्त शालाओं में साबुन से हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन व स्वच्छता सत्र, स्वच्छ हाथ- स्वच्छ जीवन विषय पर निबंध, चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता, साबुन से हाथ धुलाई के सरल स्टेप पोस्टर के माध्यम से दशार्यी गई प्रक्रिया के माध्यम से साबुन से हाथ धुलाई गतिविधि और शालाओं में निर्मित हाथ धुलाई इकाइयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने, आवश्यक रखरखाव व संधारण करते हुए साबुन से हाथ धुलाई की गतिविधि आयोजित की जावेंगी।

## साइबर अपराध व साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण आज से

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले के अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए साइबर अपराध से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के संबंध में 15 से 17 अक्टूबर तक प्रशिक्षण ई- दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में दिया जाएगा। अधिकारी- कर्मचारियों के लिए पहला बैच 15 अक्टूबर को, दूसरा बैच 16 अक्टूबर को और तीसरा बैच 17 अक्टूबर को प्रातरू 11 बजे से ई- दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नरसिंहपुर ने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची के अनुसार उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित प्रशिक्षणार्थी की उपस्थिति अनिवार्य ता सुनिश्चित कराएं। संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति अवकाश स्थानांतरण की स्थिति में कार्यरत अन्य कर्मचारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित कर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

**खेल/व्यापार**

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हुई टीम इंडिया

### रोहित-विराट को देखने एयरपोर्ट पर उमड़े फैन्स

नई दिल्ली। भारतीय टीम बुधवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हो गई है। टीम को यहां तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेलने हैं। भारतीय टीम बुधवार सुबह नई दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई। एयरपोर्ट पर सभी की नजरें भारतीय दिग्गज विराट कोहली और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा पर टिकी थीं जो कि काफी समय के बाद एक बार फिर मैदान पर अपना दमखम दिखाते नजर आने वाले हैं। वनडे सीरीज में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल होंगे, जबकि उसके बाद होने वाली 5 टी20 मैचों की सीरीज में सूर्यकुमार यादव टीम की अगुवाई करेंगे। नई दिल्ली के एयरपोर्ट पर देखे गए प्रमुख खिलाड़ियों में विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा कप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, ध्रुव जुरेल, यशस्वी





जायसवाल, हर्षित राणा, केएल राहुल, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल दिखे। कोहली और रोहित को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में एक्शन में देखा गया था, जहां भारत अपराजित रहते हुए विजेता बना था।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम इस प्रकार से है-** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) और यशस्वी जायसवाल।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह और वाशिंगटन सुंदर शामिल हैं।

## अडानी समूह गूगल के साथ मिलकर बनाएगा देश का सबसे बड़ा एआई डाटा सेंटर



विशाखापत्तनम। अडानी समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने गूगल के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर बनाने की मंगलवार को घोषणा की। अडानी एंटरप्राइजेज ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह अपने संयुक्त उपक्रम अडानीकोनेक्स के जरिए इस एआई डाटा परिसर के निर्माण को पूरा करेगी। अडानीकोनेक्स अडानी एंटरप्राइजेज और एजकोनेक्स का संयुक्त उपक्रम है। एजकोनेक्स के पास दुनिया के सबसे बड़े डाटा सेंटरों में से एक के परिचालन का अनुभव है। यह डाटा सेंटर विशाखापत्तनम में गूगल के एआई हब तैयार करने की योजना का हिस्सा है जिस पर कंपनी के पांच साल में (2026 से 2030 के बीच) कुल 15 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद है। यह डाटा सेंटर गीगावाट पैमाने का होगा जिसके लिए समुद्र के नीचे से केबल लाइन तैयार की जायेगी। यह हरित ऊर्जा पर आधारित होगा। इसे अडानीकोनेक्स और एयरटेल के सहयोग से तैयार किया जाएगा। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे देश के लिए एक यादगार दिन बताते हुए लिखा, ह्लअडानी को विशाखापत्तनम में देश के सबसे बड़े एआई डाटा सेंटर परिसर के निर्माण के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। इसे विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता की जरूरतों के लिए डिजाइन किया गया है।ह्व उन्होंने बताया कि इस केंद्र में डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क प्रशिक्षण और बड़े पैमाने पर एआई मॉडल इंफेरेंस के लिए आवश्यक टीपीयू और जीपीयू-आधारित कंप्यूटिंग शक्ति होगी और एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा जो देश के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों झ स्वास्थ्य सेवा और कृषि से लेकर लॉजिस्टिक्स और वित्त तक झ के लिए एआई-संचालित समाधानों को गति प्रदान करेगा।

# बिना जी एस टी के लग रहे बिल न दिनांक का पता और न ही कटौती

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला जिले में फर्जी बिलों का गोरखधंधा आज भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है, आज जिले की भी पंचायत के पंचायत दर्पण पोर्टल को खोल कर आसानी से देखा जा सकता है की कौन सी पंचायत कब क्या क्रय किया है किसका बिल लगता वह सही है या नहीं कितना भुगतान किया है कोन से कार्य कहा चल रहें है ये सब आसानी से मोबाइल पर ही देखा जा सकता पर ये जिला प्रशासन को नजर नही आ रहा है और न ही जनपद पंचायत में बैठे अधिकारी कर्मचारियों को सब नजर आ रहा है!**

मंडला जिले में जहाँ देखो वहाँ पर एक ही कानून नजर आ रहा है भ्रष्टाचार सरकारी धन की लूट और रिसवतखोरी आम हो चली है जाँच के नाम पर केवल खानापूर्ति ही दिखाई पड़ रही है जहां देखो जिस पंचायत में देखो वहाँ पर शासकीय राशि का बंदरबांट सरपंच सचिव बेखौफ तरीके से आज भी कर रहे हैं सरकरी धन में लूट मचा रखी हुई है




और लोगो को मिलने वाली मुलभूत सुविधाओं को निगल रहें है और ये सब चुप चाप जिला प्रशासन देख रहा है। वहीं सूत्रो से प्राप्त ऐसा ही मामला तहसील मुख्यालय घुघरी की ग्राम पंचायत परसवाह का है जहां पर न दुकान का पता है और न बिल में जी एस टी का फिर भी बेखौफ तरीके से शासकीय पोर्टल में बिल लगाकर फजीबाड़ा चल रहा है और शासकीय राशि का बंदरबांट बेखौफ तरीके से चल रहा है जिसको लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका तक लगाई जा चुकी है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी केवल अपना निजी स्वार्थ ही देख रहे हैं, और फर्जी बाड़ा आज भी जारी है और कार्रवाई शून्य है।



## आखिर कौन करेगा कार्रवाई और शासकीय राशि की लूट कब बंद होगी

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पूसाम ट्रेडर्स की कहीं कोई दुकानहीं है लेकिन सरकारी काम में केवल उनके ही बिल बाउचर देखने मिल जायेंगे और दूसरे भी बिल देखने मिल जायेंगे जिनका न जी एस टी नंबर है और न दुकान का अता पता फिर भी बेखौफ तरीके से शासकीय राशि का बंदरबांट सचिव की मर्जी से बेखौफ चल रहा है जिसकी कितनी ही बार शिकायत की गई पर कार्रवाई आज तक नहीं हुई!



## प्रेक्षक प्रकाश व्यास ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रकाश व्यास ने बुधवार को निवास के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मतदाता सूचियों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री व्यास ने मतदाता सूची में दर्ज डुप्लिकेट नामों की पहचान एवं सुधार की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नामों की दोबारा जांचकर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मतदाता का नाम दोहराव में दर्ज न रहे।

## कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, श्री सीके तिवारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## नैनपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस शुरू



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर सिविल अस्पताल में मंगलवार को मरीजों के लिए डायलिसिस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दो मरीजों का सफल डायलिसिस कर इस नई यूनिट की शुरूआत की गई। इस यूनिट के शुरू होने से अब नैनपुर सहित नैनपुर के नजदीकी बालाघाट और सिवनी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को डायलिसिस के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर यह सुविधा मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। बीएमओ डॉ. राजीव चावला ने बताया कि आगामी दिनों में अधिक मरीजों को भी इस सेवा का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल, नैनपुर के 5 स्थानीय मरीजों सहित क्षेत्र के लगभग 12-13 मरीजों को नियमित डायलिसिस की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी। आयुष्मान कार्ड धारकों और गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले मरीजों को यह सेवा निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

## सीएम हेल्पलाइन में भी चल रहा गोलमाल

# जनसुनवाई बनी मजाक ..?

### जन समस्याओं के निराकरण के अभियान व कार्यक्रम फ्लॉप आ रहे नजर

**रेवांचल टाईम्स - मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जन समस्याओं के निराकरण के लिए शासन द्वारा संचालित किये जा रहे सभी कार्यक्रम व अभियान असफल हो रहे हैं इस विषय पर कोई समीक्षा शासन प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है चर्चा चल रही है कि जिला स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होता है लेकिन आवेदन देने के बाद आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं किया जाता है निराकरण की जानकारी आवेदकों को नहीं मिल पाती है बार-बार आवेदन देने के बाद भी आवेदन पत्रों का निराकरण जनसुनवाई कार्यक्रम अंतर्गत नहीं होता है यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक बनकर रह गया है इस कार्यक्रम अंतर्गत मध्य प्रदेश के मंडला जिले में आवेदन पत्रों का निराकरण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है आवेदन पत्रों के




निराकरण की समय सीमा भी तय नहीं की जा रही है इसी तरह सीएम हेल्पलाइन मैं भी गोलमाल हो रहा है अधिकांश शिकायतों को दबाव बनाकर या निवेदन करके की बाद में काम कर दिया जाएगा यह कहकर बंद कराया जा रहा है अधिकांश शिकायत ओटीपी के माध्यम से बंद हो रही है यह कारनामा खासकर राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है इसके अलावा कई विभाग भी ऐसा कर रहे होंगे जांच में यह पता चल सकता है सभी विभाग सीएम हेल्पलाइनकी शिकायतों का निराकरण करने में जवाबदारी से काम नहीं कर पा रहे हैं निराकरण भी सही तरीके से नहीं कर रहे हैं गोलमोल जवाब भेज कर निराकरण की औपचारिकता पूरी कर रहे हैं इसके अलावा अन्य कार्यक्रम व अभियान जन समस्याओं के निराकरण के लिए इस जिले में चलाए जा रहे हैं या आयोजित हो चुके हैं उन सभी कार्यक्रमों में दिए गए आवेदन पत्रों के निराकरण का पता ही नहीं चल रहा है कुल मिलाकर इस जिले में अंधेर नगरी चौपट राजा का साम्राज्य स्थापित हो गया है जन अपेक्षा है जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन को जन उपयोगी बनाया जाए जो निराकरण किया गया है विगत दो वर्षों के निराकरण की जांच कराई जाए तो पता चलेगा कि यहां पर निराकरण का स्तर कैसा है।

## गौ-हत्या के विरोध में वीएचपी ने सौंपा ज्ञापन



**रेवाँचल टाईम्स- मंडला।** जिले के बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूसा ग्राम पंचायत बर्रई गाँव से एक बार फिर से आस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। गाँव की धार्मिक भावना और संस्कृति के केंद्र माने जाने वाले खैर माता मंदिर के सामने गौ माता की निर्मम हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला युवक वेद सिंह नरते महज 24 से 25 वर्ष के लगभग का है , जो हाल ही में एक क्रिश्चियन मिशन से पास्टर की ट्रेनिंग लेकर गाँव लौटा था । गाँव के लोगों में गहरा रोष है और वे इस घटना को सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि उनकी आस्था और संस्कृति पर हमला मान रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद परिषद बजरंग दल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की माँग की है। गाय के मालिक, एक साधारण ग्रामीण दंपती, इस घटना से बेहद दुखी हैं और गाँव के अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्होंने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन से मजबूत कदम उठाने और कार्रवाई करने की अपील की है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान मे एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में सर्व सनातनी समाज भुआ बिछिया के द्वारा आज मुख्यमंत्री महोदय के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन प्रस्तुत सौंपा गया और कानूनन कार्रवाई की मांग की गई ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति दोबारा न हो सके ।



# मंडला में 22 लाख से अधिक की अवैध शराब जब्त

### 282 पेटी शराब के साथ 4 आरोपी भी गिरफ्तार, एसपी बोले आरोपियों से हो रही पूछताछ

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात दो थाना क्षेत्रों में दबिश दी। इस दौरान कुल 282 पेटी अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 22 लाख 91 हजार रुपए से अधिक है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि यह कार्रवाई बम्हनी थाना और महाराजपुर थाना अंतर्गत हिरदेनगर चौकी पुलिस की ओर से की गई। हिरदेनगर चौकी क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए आरोपी राहुल उइके के कब्जे से अवैध शराब बरामद की गई।**

### रेत और मिट्टी के बीच छिपाई गई 65 पेटियां बरामद

पुलिस ने पहले एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत और मिट्टी के बीच छिपाई गई 65 पेटियां पकड़ीं। इसके बाद राहुल उइके के चटुआमार स्थित घर से 60 पेटी शराब और मिली। इस तरह हिरदेनगर से कुल 125 पेटी (1112 लीटर) शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 18 हजार रुपए है।

### बम्हनी थाना क्षेत्र से मिली 157 पेटी शराब

बम्हनी थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी पंचम नंदा और रमाकांत नंदा के ठिकानों पर छापेमारी में 62 पेटी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 7 लाख 56 हजार रुपए है। यह शराब अजय नंदा की बताई जा रही है। पड़ोसी मकान से 95 पेटी शराब और मिली, जिसकी कीमत 6 लाख 17 हजार रुपए है। बम्हनी थाना क्षेत्र से कुल 157 पेटी शराब (13 लाख 17 हजार रुपए कीमत) जब्त की गई।

### गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ

एसपी सकलेचा ने बताया कि जब्त शराब के संबंध में आबकारी विभाग से संपर्क कर यह पता लगाया जा रहा है कि यह खेप किस दुकान या क्षेत्र से लाई गई थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में अन्य संलिप्त लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बगैर लायसेंस बड़ी मात्रा में पटाखों के भंडारण एवं विक्रय पर गोदाम सील



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** नैनपुर स्थित पटाखा व्यापारी सुनील सायरानी के द्वारा छोटी मस्जिद के निकट रहवासी क्षेत्र में रेलवे लाइन के समीप एवं हाई टेंशन बिजली लाइन समेत विभिन्न सुरक्षा मानकों के उल्लंघन करते हुए बड़ी मात्रा में पटाखा भंडारण एवं विक्रय पर गोदाम सील करने की कार्यवाही की गई। शिकायत पर एसडीएम नैनपुर तथा एसडीओपी नैनपुर द्वारा संयुक्त रूप से जांच कार्यवाही कर विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियम 2008 के उल्लंघन के परिणामस्वरूप बगैर लाइसेंस नवीनीकरण कराए भारी मात्रा में पटाखा भंडारण एवं विक्रय संज्ञान में आने पर लोक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पटाखा गोदाम को सील किया गया एवं आगामी नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

## दिवाली त्यौहार के मद्देनजर कलेक्टर और एसपी ने किया शहर का भ्रमण



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने आज शहर का भ्रमण कर त्यौहारी तैयारियों और बाजार व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्य बाजार, चौक क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि दुकानें सड़क तक न लगाएं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो और यातायात सुचारू बना रहे। अधिकारियों ने नगर परिषद और पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि सड़कों पर अतिक्रमण न होने पाए तथा साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। शहर भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीणा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती सोनल सीडाम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानन नाफडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिछिया में पीएम जनमन एवं आवास प्लस की हितग्राहीवार समीक्षा

**मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना के निर्देशन में बिछिया जनपद पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को पीएम जनमन एवं आवास प्लस के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी आवास श्री एसआर झारिया ने पीएम जनमन आवास में प्रथम किश्त के 59 लंबित प्रकरणों तथा तृतीय किश्त के 76 प्रकरणों की हितग्राहीवार जानकारी ली। सभी प्रकरणों में समय-सीमा में कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आवास प्लस के तृतीय किश्त जारी 435 प्रकरणों में हितग्राहीवार गहन समीक्षा करते हुए संबंधित को 30 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। श्री झारिया ने कहा कि सभी आवास हितग्राहियों का समग्र ई-केवाईसी शत-प्रतिशत कराएं।



## स्मैक तस्कर गिरफ्तार:20 हजार की स्मैक बरामद

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले में कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को नर्मदा नदी के जेल घाट क्षेत्र से उस समय पकड़ा गया, जब वह स्मैक की तस्करी करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 8.26 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 20 हजार रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खइया मोहल्ला निवासी राहुल बंजारा के रूप में हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है, ताकि तस्करी के अन्य संभावित नेटवर्क और उसके लिंक का पता लगाया जा सके।

## जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में धान फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य किया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि फसल कटाई का कार्य मुख्यत: कम्बाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है, जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसा, पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं।




स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in

# रएउछ में भड़का मजदूर असंतोष, कोयला मजदूर सभा (HMS) ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा, महामंत्री

## अब संघर्ष ही विकल्प है–नाथूलाल पाण्डेय



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के कोयला क्षेत्रों में इन दिनों माहौल गर्म है वर्षों से लंबित मांगों, असमान नीतियों और प्रबंधन की बेरुखी के खिलाफ अब कोयला मजदूरों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है कोयला मजदूर सभा (हिन्दी मजदूर संघ - HMS) ने संगठन की ताकत दिखाते हुए रएउछ प्रबंधन के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। सभा के महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि प्रबंधन की निष्क्रियता, अन्यायपूर्ण रवैया और मजदूरों के अधिकारों की लगातार अनदेखी अब और नहीं चलेगी जब वार्ता से न्याय नहीं मिला, तो अब आंदोलन ही रास्ता बचा है पाण्डेय ने इस मौके पर 59 सूत्रीय मांग पत्र जारी किया, जिसमें श्रमिकों के हितों, कल्याण, सुरक्षा और सेवा शर्तों से जुड़ी तमाम प्रमुख बातें शामिल हैं उन्होंने साफ कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं की गईं, तो मजदूर अब उत्पादन रोकने से भी पीछे नहीं हटेंगे हमारे धैर्य की परीक्षा बहुत हो चुकी अब कोयला मजदूर सिर्फ तनख्वाह के लिए नहीं, अपने सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ेंगे, उन्होंने तीखे लहजे में कहा सभा ने आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित कर दी है 17 अक्टूबर 2025 को सभी खदानों में धरना और प्रदर्शन किया जाएगा, 30 अक्टूबर को क्षेत्रीय एवं कंपनी मुख्यालयों का घेराव करते हुए विशाल जुलूस निकाला जाएगा, और 13 नवंबर को चक्का जाम के साथ कोयला डिस्पैच पूरी तरह बंद किया जाएगा पाण्डेय ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी प्रबंधन नहीं जागा, तो पूर्ण हड़ताल की नोटिस दी जाएगी महामंत्री पाण्डेय ने कहा कि यह संघर्ष किसी व्यक्तिगत स्वार्थ का नहीं बल्कि उन हजारों कोयला मजदूरों की आवाज है जिन्हें सालों से उनके हक से वंचित रखा गया है। उन्होंने बताया कि कई प्रमुख मांगें आज भी कागजों में दबकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग में सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जानी चाहिए ताकि अनुभवी श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा और स्थायित्व मिल सके। साथ ही 1 जनवरी 2017 से 28 मार्च 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए श्रमिकों को 20 लाख रुपये तक की बढ़ी हुई ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाना चाहिए उन्होंने आश्रित रोजगार नीति को असंवेदनशील बताते हुए कहा कि एनसीडब्ल्यूए (NCWA) के प्रावधानों को उनकी मूल भावना के अनुसार लागू किया जाए जब एक परिवार का कमाने वाला चला जाता है, तो उसका आश्रित भूख और बेबसी में क्यों जिए? विवाहित पुत्रियों को भी नई परिभाषा में रोजगार का अधिकार मिलना चाहिए, उन्होंने जोर देकर कहा।

# ABVP द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय(IGNTU) की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा में मल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री श्री मनोज यादव जी द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद स्थापना कल से ही छात्रहित के साथ-साथ समाज के सभी क्षेत्रों में लगातार काम करते आया है साथ ही आज का छात्र आज का युवा है, और युवाओं को सही दिशा व राष्ट्र हित की ओर अग्रसर व प्रेषित करने वाला एक मात्र छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है। विद्यार्थी परिषद का मूल कार्य महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिसरों में ही होता है आज इस परिपेक्ष में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक सत्र 2025 की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई, घोषणा में नवीन कार्यकारिणी इकाई गठन में विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह जिला विस्तारक शिवेंद्र चतुर्वेदी, विभाग सयोंजक अखिलेश सिंह, जिला संयोजक प्रणव मिश्रा उपस्थित रहे। सत्र 2025 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी इस प्रकार है उपाध्यक्ष के रूप में पावनी ताम्रकार ,दिव्यांश मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह ,अमन परमार, अंकित मिश्रा ,सह मंत्री के रूप में आरजू साहू, अंजली सिंह अर्पित मिश्रा, एकांत केसरवानी, श्रवण तिवारी, साहिल सिंह, एवम अन्य प्रमुख दायित्व में उज्जवल सिंह, अंजलि अग्रवाल ,वंदना रजक, तानिया गुप्ता, दिव्यांश द्विवेदी, आयुष सोनी ,आदित्य तिवारी, हिमांशी राठौर ,आयुष सिंह नितेश मौर्य ,अंशु पूरी भावेश, सजल जायसवाल,राज बैगा आदि कई कार्यकताओं की घोषणा की गई।



# तेज लपटें देख मचा हड़कंप, बाद में सामने आई सच्चाई तो सबके उड़े होश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के धनपुरी रउ्डढ कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ऑफिस से अचानक तेज आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने जब धुएं का गुबार देखा तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कुछ देर तक यह समझ नहीं आया कि आखिर पुलिस दफ्तर में आग कैसे लगी। लेकिन बाद में खुलासा हुआ कि यह आग किसी हादसे की नहीं, बल्कि पुलिस विभागीय प्रक्रिया के तहत पुराने रिकॉर्ड को नष्ट करने के लिए लगाई गई थी। धनपुरी अनुविभागीय क्षेत्र के बुढार, और खैरहा थाना क्षेत्रों के पुराने रिकॉर्ड, जिनकी अवधि पूर्ण हो गई थी ,उन डायरी, रजिस्टर और दस्तावेजों को नियमानुसार नस्ती (विलुप्त) करने की कार्रवाई की गई। रउ्डढ कार्यालय परिसर में गड्ढा खोदकर पुराने कागजातों को पहले जलाया गया और बाद में जमींदोज (मिट्टी में दबाकर नष्ट) कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रउ्डढ विकास पांडेय, बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल, खैरहा थाना प्रभारी उमा शंकर चतुर्वेदी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे, इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी सख़्त रखी गई थी ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने। हालांकि शुरूआती लपटें और उठता धुआं देखकर स्थानीय लोगों को यह लगा कि कहीं रउ्डढ ऑफिस में कोई बड़ा हादसा तो नहीं हो गया, लेकिन बाद में पुलिस अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि यह विभागीय प्रक्रिया है, पुराने और अप्रासंगिक रिकॉर्ड को नियमानुसार नष्ट किया गया है।

# शहडोल–रीवा मार्ग पर हाथियों ने डाला डेरा बाइक–कार छोड़कर भागे लोग, मची अफरा तफरी

## प्रशासन एलर्ट, सावधान रहने की सलाह



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब 15 से अधिक हाथियों का झुंड अचानक शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग पर आ गया। यह झुंड देर रात सड़क किनारे डेरा जमाए बैठा रहा, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हाईवे पर खड़ी गाड़ियां और डरे हुए लोग स्थिति को संभालने का प्रयास करते रहे। वहीं कई बाइक सवार और कार चालक अपने वाहन वही छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भाग खड़े हुए। बीच सड़क हाथी के मूवमेंट के इस पल को एक कार चालक राहगीर ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला देवझर समधिन नदी के पास का है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथियों का झुंड जंगल से भटककर समधिन नदी पार करते हुए हाईवे पर पहुंच गया। जिसके बाद कई वाहनों को रुकना पड़ा। हाथियों के सड़क के बीच आ जाने से कुछ वाहनों और बाइक सवारों की उनसे करीबी टक्कर होते-होते बची। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही ब्यौहारी वन परिक्षेत्र अधिकारी और वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रैफिक को नियंत्रित करते हुए हाथियों को जंगल की ओर भगाने का प्रयास शुरू किया। वन अमले ने सड़क पर बैरिकेडिंग लगाई और लोगों को झुंड के करीब न जाने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस इलाके में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। कभी खेतों में तो कभी नदी किनारे इनका मूवमेंट देखने को मिल रहा है। जिससे किसानों और आम लोगों में भय का माहौल है। कई किसानों की फसलें पहले भी हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायतें मिल चुकी हैं। वन विभाग का कहना है कि झुंड छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जंगलों से होता हुआ शहडोल जिले की सीमाओं में प्रवेश कर रहा है। विभाग लगातार ट्रैकिंग कर रहा है ताकि हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखा जा सके। फिलहाल, वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है और हाईवे पर यातायात को अस्थायी रूप से डायवर्ट कर दिया गया है। क्षेत्र में वन्यजीवों के बढ़ते मूवमेंट से ग्रामीणों में चिंता है और लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

# जिला जेल में कैदी की संदिग्ध मौत, जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही के लगे आरोप




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिला जेल में सजा काट रहे अभिषेक साहू उर्फ आशु साहू की मौत ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शराब बिक्री के मामले में सजा काट रहे इस युवक की हालत बिगड? के बाद उसे बीते दिवस जिला जेल से शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के मुताबिक, अभिषेक के फेफड़ों में गंभीर संक्रमण (इंफेक्शन) पाया गया था। प्रारंभिक जांच में टीबी (ट्यूबरक्लोसिस) नहीं पाई गई, लेकिन चिकित्सकों ने उसके नमूने आगे की जांच के लिए भेज दिए हैं। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि लक्षणों को देखते हुए यह मामला फेफड़ों के कैंसर से जुड़ा भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार, करीब डेढ़ माह पहले अभिषेक साहू को आबकारी विभाग की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किया गया था। अवैध शराब बिक्री के आरोप में उसे अदालत ने सजा सुनाई थी और वह तब से शहडोल जिला जेल में बंद था। जेल सूत्रों के मुताबिक, उसे नियमित रूप से जेल के चिकित्सक द्वारा दवाएं दी जा रही थीं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। इसी बीच स्वास्थ्य में गंभीर गिरावट आने पर उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अभिषेक के परिजन, जो कि किरण टॉकीज मोहल्ला, शहडोल के रहने वाले हैं, ने जिला जेल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि जेल प्रशासन ने समय रहते अभिषेक का इलाज नहीं कराया और उनकी तबीयत बिगड? की जानकारी परिजनों को समय पर नहीं दी गई। परिवार का दर्द यह है कि यदि उसे समय पर इलाज और ध्यान मिलता, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। वहीं दूसरी ओर, जेल प्रशासन ने इन आरोपों को निराधार बताया है। जेल सूत्रों का कहना है कि अभिषेक की बीमारी की जानकारी मिलते ही उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था और इलाज के हर संभव प्रयास किए गए। अब सवाल यह उठता है कि आखिर एक कैदी की हालत इतनी गंभीर कैसे हुई जबकि जेल में नियमित स्वास्थ्य जांच का दावा किया जाता है? क्या सच में इलाज में देरी हुई या मामला स्वाभाविक बीमारी का था, यह अब प्रशासनिक जांच का विषय बन गया है। फिलहाल, अभिषेक साहू की मौत से शहडोल जिला जेल प्रबंधन पर सवालों का तूफान खड़ा हो गया है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जुआ के फड में पुलिस ने मारा छापा, 5 आरोपी गिरफ्तार




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में जुएँ सट्टे पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है की जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन मेंमुखबिर तंत्र सक्रिय कर कार्यवाही की जा रही है । मुखबिर सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 14/10/2025 को काली मंदिर के पास बिजुरी में जुआ का फड लगाकर जुआ खेलते पाए जाने से रेड कार्यवाही कर जुआडियान धर्मदास उर्फ बब्बू बंसल पिता प्रेमलाल बंसल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नं 11 छतहा मोहल्ला,मंगल कोल पिता राजेन्द्र प्रसाद कोल उम्र 22 वर्ष,देवा कोल पिता पंचू कोल उम्र 22 वर्ष,मनोज कुमार कोल पिता बैजनाथ कोल उम्र 26 वर्ष ,हूपलाल कोल पिता कंधी कोल उम्र 20 वर्ष सभी निवासी वार्ड नं 11 काली मंदिर बिजुरी में थाना बिजुरी के फड व पास कूल 1125 रुपये नगदी ताश के 52 पत्ते धारा 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया।

# दपूमरे मजदूर कांग्रेस के प्रयासों से रोड मोबाइल मेडिकल वैन से नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा शुरू



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रयासों से उप मंडलीय रेलवे अस्पताल,शहडोल के माध्यम से विभिन्न रेल सेक्शन के लिए रोड मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ 15 अक्टूबर से हो चुका है।उन्होंने बताया कि रोड मोबाइल मेडिकल वैन की उपलब्धता अलग-अलग तिथि में इन सेक्शन में रहेगी। सेक्शन 1 शहडोल,सिंहपुर,छाता,बुढार,अमलाई अनूपपुर बैक टू शहडोल सोमवार एवं शुक्रवार सेक्शन 2 शहडोल,बंधवापारा, घुनघुटी, मुदरिया, बिरसिंहपुर, नरोजाबाद, करकेली बैक टू शहडोल मंगलवार, एवं गुरुवार। सेक्शन 3 शहडोल, उमरिया, लोरहा, चंदिया, रुपोंद झलवारा बैक टू शहडोल बुधवार एवं शनिवार।15 अक्टूबर 2025 से विधिवत इसका शुभारंभ कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो की 28 एवं 29 अगस्त 2025 को बिलासपुर रेल मंडल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई थी।जिसमें रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा रखी गई मांगों पर बिलासपुर रेलवे प्रबंधक ने रेलवे मजदूर कांग्रेस को आश्वस्त किया था की रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है।हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# बुजुर्ग को नाना बोल कर वाहन में बैठाया, और फिर ले उड़े दो लाख, ब्यौहारी में दो सप्ताह में दूसरी वारदात




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र में बैंक से पैसा निकाल कर लौट रहे बुजुर्गों के साथ चोरी और लुट की घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में एक 66 वर्षीय किसान, दयाशंकर चतुर्वेदी, के साथ दो लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। यह घटना ब्यौहारी में बैंक से पैसे निकालने के बाद हुई, जब उन्हें एक लग्जरी कार में सवार बदमाशों ने अपने जाल में फंसाया। पुलिस के अनुसार, दयाशंकर चतुर्वेदी स्थानीय बैंक से दो लाख रुपये निकालकर अपने घर साखी लौट रहे थे। तभी बाजार में उनकी मुलाकात एक लग्जरी कार में सवार दो बदमाशों से हुई, जिन्होंने उन्हें नाना कहकर संबोधित किया। जब दयाशंकर ने जवाब दिया कि वे उन्हें नहीं जानते, तो बदमाशों ने बातचीत में उलझाते हुए उन्हें कार में बैठने के लिए मजबूर कर दिया।और बदमाशों ने कहा चलो आपके घर की ओर जा रहे हैं। आपको छोड़ देंगे। और उन्हें कुछ दूरी पर ले जाकर चौक पर उतार दिया गया, जब दयाशंकर ने अपनी जेब में पैसे की जांच की, तब वह गायब मिले। घटना के बाद पीड़ित ब्यौहारी पुलिस के पास पहुंचे और आपबीती बताई जिसके बाद ब्यौहारी पुलिस ने इस घटना में जांच शुरू की। पुलिस ने बताया, हम पीड़ित की शिकायत पर तुरंत सक्रिय हुए हैं और आरोपियों का पीछा भी किया। हालांकि, हम उन्हें पकड़ने में असफल रहे हैं। 13 दिन में यह दूसरा मामला है। इससे पहले एक बुजुर्ग महिला को भी इसी तरह ठगा गया था, जब बदमाशों ने उन्हें अपनी मौसी बताकर कार में बैठाया और सोने-चांदी के जेवर और नकद लुट कर फरार हो गए थे। ब्यौहारी पुलिस ने कहा हम इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि हम जल्द ही आरोपियों का पता लगा लेंगे। हमारे पास कुछ सुराग हैं जो हमें इस दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि यदि वे कोई संदिग्ध गतिविधि देखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## दीपावली पर पटाखों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** दीपावली पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पटाखों के निर्माण, विक्रय, भंडारण, वितरण एवं उपयोग को लेकर मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले सभी आमजन एवं सभी फटाखा विक्रेताओं को सुप्रीम कोर्ट एवं राज्य शासन की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि दीपावली का पर्व सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं तथा पारंपरिक दीपक जलाकर प्रकाश पर्व का असली संदेश फैलाएं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार केवल ग्रीन क्रैकर (कम प्रदूषण वाले पटाखे) के निर्माण और बिक्री की ही अनुमति है। इन पटाखों से हानिकारक गैसों और ध्वनि प्रदूषण का स्तर सामान्य से कम होता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि फटाखो की आवाज़ सीमा जलाए जाने वाले स्थान से 04 मीटर पर 125 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को ही करने की अनुमति होगी। ऑनलाइन माध्यम से पटाखों की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है। पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है। दीपावली के दिन केवल रात 8 बजे से 10 बजे तक ही पटाखे जलाए जा सकेंगे। धार्मिक स्थल, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान और संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। ग्रीन क्रैकर के पैकेट पर कोड होना अनिवार्य है जिससे उसकी सत्यता की जांच की जा सके। लड़ी अर्थात जुड़े हुए फटाखो का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं फोड़ना प्रबंधित है। फटाखों में बेरियम साल्ट इत्यादि विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है। फटाखो के जलने के उपरांत बचे हुए कागज के टूकड़े एवं अधजली बारूद के सम्पर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनागस्त होने की संभावना रहती है। अत: फटाखो के जलने के उपरांत कचरे को प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पेयजल स्त्रोतों के आसपास न फेका जाए और उनका उचित तरीके से निस्तारण किया जाए।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आजीविका मिशन की दीदियों ने लगाई दीपों की दुकान

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बालाघाट की दीदियों ने दीपावली के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में मिट्टी के बने दीपों की दुकान लगाई। यह दुकान स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत लगाई गई है। दीदी ज्योतिश्वरी लिल्हारे ने बताया कि आजीविका मिशन में जुड़ने से उन्हें रोजगार के नए अवसर मिले हैं उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। पहले दिन ही दीपों की अच्छी संख्या में बिक्री हुई है।

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस, वर्षावास समापन, सम्मान समारोह धम्मध्वज यात्रा का आयोजन सम्पन्न, महाबोधी महाविहार बोधगया विश्व धरोहर-क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य

### महाबोधि महाविहार, भीम जन्मभूमि सहित बौद्धों की सभी विरासते विरोधियों से वापस लेंगे-एड. भंडारे

### बौद्धो की विरासते बचाने के आंदोलन के साथ संस्था के धम्म कार्य निरंतर करना होगा-डॉ.चरनदास ढेंगरे





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**
पूरे भारत वर्ष में बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर जी द्वारा स्थापित भारतीय बौद्धो की धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्टीय ट्रस्टी/ कार्याध्यक्ष,बाबा साहेब के पौत्र डॉ.भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब के निर्देशन में संपूर्ण भारत देश में बौद्ध धम्म का कारवां निरंतर गतिमान होने के साथ ही बौद्धो की सभी विरासते बचाने के लिये आंदोलन निरंतर जारी है।

इसी क्रम में मध्यप्रदेश के जिला शाखा इंदौर मुख्यालय में दिनांक 12 अक्टुबर को स्थानीय माई मंगेशकर सभागृह लोहामंडी में धमचक्र प्रवर्तन दिवस,वर्षावास समापन, प्रबोधन मालिका, मिलन सम्मान समारोह व धम्म ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। विशेष रूप से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के प्रणेता क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी बोधगया का आगमन हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि संस्था के एड. एस.के.भंडारे सर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई, प्रमुख अतिथि बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं म.प्र. के पालक मंत्री मुंबई, भीम जन्म भूमि के अध्यक्ष भंते प्रज्ञशील जी इंदौर, गौतम पाटिल सर राष्टीय संघठक भोपाल, डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षक म.प्र.बालाघाट, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य. सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक बालाघाट, आद.आर.सी. दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर)म.प्र.शिवपुरी डॉ. उत्तम प्रधान म.प्र.महामंत्री एवं लेफ्टीनेट कर्नल स्स्ठ,डॉ. शांताराम वाघ म.प्र. उपाध्यक्ष एवं लेफ्टीनेंट कर्नल स्स्ठ इंदौर, कैलाश एम.इंगले राज्य संघठक, डा. शीला दांडगे एवं अन्य सदस्य मंचासीन थे।

समारोह की अध्यक्षता युवा साथी शुभम रायपुरे जिलाध्यक्ष एवं एसएसडी के पदाधिकारी इंदौर के द्वारा की गई थी। सफल मंच संचालन महामंत्री संतोष सकपाल द्वारा किया गया था,सर्वप्रथम अग्रसेन चौराहा से विशाल धम्म ध्वज यात्रा महारैली का आयोजन संस्था के राष्ट्रीय, म.प्र. राज्य, जिला शाखा इंदौर के सभी शाखाओं के, समता सैनिक दल के, महिला प्रभाग अर्थात माता रमाई महिला मंडल के साथियो की उपस्थिति वं भिक्खु संघ एवं सभी धम्म अनुयायी यो की उपस्थिति में किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में धम्म उपासक, उपासिका शामिल रहे। 500 मीटर लंबे धम्म ध्वज के साथ यह रैली भंते विनयाचार्य जी के उपस्थिति में आकर्षण का केन्द्र रही। भ्रमण करने के पश्चात रैली कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पर धम्म संस्था, के मोनो के साथ, सेल्फी पाईंट पे हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी ने अपने हस्ताक्षर किये। मंचीय कार्यक्रम में सामूहिक पूजा वंदना के बाद सभी अतिथियों ने सभी को संबोधित किया।

मुख्य प्रबोधन में क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी ने सारगर्भित रूप से उदबोधन दिये। उन्होने बताया कि महाबोधी महाविहार विश्व धरोहर है। वह सम्बोधी स्थान दुनिया में केवल बोधगया महाविहार है,उक्त आंदोलन में सभी ने सहयोग करना चाहिए। प्रमुख अतिथि संस्था के ट्रस्टी व राष्टीय उपाध्यक्ष एड.भंडारे जी ने क्रांतिकारी अंदाज में सभी को बताया कि महाबोधी महाविहार, दीक्षाभूमि नागपुर, भीम जन्म भूमि इंदौर सहित सभी बौद्धो की विरासते विरोधियो से लेकर रहेगें। महाबोधी विहार हेतु माह सितंबर में संस्था की ओर से डॉ. भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब एवं 30 राज्यो के अध्यक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। वैसे ही भीम जन्मभूमि एवं दिक्षा भूमि के लिये आवश्यक हुआ तो न्यायालयीन कार्यवाही जारी रखेगें। गायकवाड गुरूजी ने आंदोलन में सहयोग के साथ सभी को आनंद मय जीवन जीने के टिप्स दिये। म.प्र. राज्य शाखा अध्यक्ष डॉ चरनदास ढेंगरे ने अपने उदबोधन में बताया कि बौद्धो की सभी विरासते बचाने के आंदोलन के साथ सभी ने संस्था के माध्यम से किये जाने वाले धम्म कार्य निरंतर करना होगा, सभी प्रकार के आयोजन बौद्धो की विरासते बचाने के आंदोलन को समर्पित है की जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष शुभम रायपुरे जी ने भीम जन्मभूमि में हो रही गड़बड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दि.इस आयोजन में समता सैनिक दल जिला बटालियन इंदौर व भोपाल का विशेष योगदान रहा। भोपाल जिलाध्यक्ष दिलीप बनकर, महासचिव शोभित जूमडे, संदीप सकपाले, इंदौर से विशाल सुर्यभान इंगले, राहुल राजाराम इंगले, राहुल कैलाश इंगले, सुनील प्रधान, राहुल हिरवे, अमर चिंताव,नीलेश वागोदे, मधुकर वागोदे, राजू अवसरमल, ऋषभ गुरुचल, राजू इंगले, शुभम वाकोड़े, रतन ससाने रोहित सरदार, अनिकेत इंगले, रवि तायडे आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

## गीत और नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन








**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई सांदीपनि विद्यालय के संयोजन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष समाजसेवी राकेश सेवइवार, समाजसेवी संतोष सिंगारे, डॉ.युवराज राहंगडाले प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय बालाघाट, माय भारत बालाघाट के कार्यक्रम पर्यवेक्षक सीआर जघेला, अशोक कुमार कोर्राम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सांदीपनि विद्यालय बालाघाट, इकाई प्रभारी अजय बैस सहित छात्र, छात्राओं की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत प्रकृति-पर्यावरण के संरक्षण का भाव लिए पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभाग द्वारा प्रतिभागियों को अतिथियों के हस्ते पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के पंजीकृत दल भारतीय कला संगम जबलपुर द्वारा गीत और नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सेवइवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का अभियान नहीं बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब हम अपने घर, गली और कार्यस्थल को स्वच्छ रखेंगे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ। इस अभियान के माध्यम से लोग स्वच्छता के महत्व को समझे और अपने दिनचर्या में स्वच्छता को समाहित करें।

सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज राहंगडाले ने कहा कि आज हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। जब हम देश के अलग-अलग हिस्सों को देखें तब हम जान पाते हैं कि, देश में स्वच्छता कितनी जरूरी है। आज हमें मिशन लाइफ के अंतर्गत अपने जीवन शैली को अपनाने की आवश्यकता है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों व छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम का संचालन अजय बैस एवं अशोक कुमार कोर्राम द्वारा किया गया।

## किसानों को फसल चक्र, प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, उर्वरक के संतुलित उपयोग की जानकारी दी गई





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** 15 अक्टूबर दिन बुधवार को आत्मा समिति कृषि विभाग द्वारा बालाघाट जिले के विकासखंड लांजी के ग्राम मनेरी में खरीफ कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे , जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे जी, मंडल अध्यक्ष जीतू बम्बुरे, विधायक प्रतिनिधि सोहन उपराडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव दशरिया, सरपंच श्रीमती मनीषा सहारे, महामंत्री जी दिनेश बागड़े, मुन्ना बड़गैया जी एवं ग्राम के सम्माननीय सदस्यगण नाथूराम दहिकर, मुकेश नेवारे, मूलचंद मस्कारे जी, मुकेश गौतम, दिनेश मसकरे, पन्नालाल चौधरी जी, सुभाष सहारे जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के किसान भाइयों एवं बहनों को विभिन्न प्रकार की जानकार दी गई एवं मुख्य रूप से प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी दी गई। वर्तमान में रासायनिक खेती के नुकसान तथा इससे जानिए विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य रोगों को जो कि मनुष्य, मृदा एवं वातावरण के लिए हानिकारक पहलू को बताया गया।

वर्तमान में धान की फसल में लगने वाले कीटो एवं बीमारियों के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गई। खेती के लिए सबसे मुख्य मृदा की स्थिति सुधार के बारे में कृषकों को जानकारी प्राण की गई। ज्यादा से ज्यादा मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने पर कृषकों को जागरूक किया गया। तत्पश्चात फसल चक्र पद्धति के लाभ के बारे में बताया गया कि किस तरह फसल चक्र अपनाकर कृषक भाई लोग उत्पादन एवं रोगों से फसल को बचाया जा सकता है। साथ ही पराली प्रबंधन, डीएपी तथा एनपीके को सही तरीके से इस्तेमाल करने की जानकारी किसानों को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम की मातृ शक्तियो एवं कृषि सखीयो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कृषि सखियों में मुख्यत: श्रीमती ओमेश्वरी बंसोड, श्रीमती लीला रहगंडाले, श्रीमती यशवंती माहुले, श्रीमती लीना दशहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैज्ञानिक तकनीकी एवं नवाचार से रुबरु करवाने के लिए बालाघाट जिले के कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री एस आर धूवारे, एवं आर ठाकुर जी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

इस दौरान कृषि विभाग लांजी से अनुविभागीय कृषि अधिकारी खुदीराम सनोडीया, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गनवीर, आत्मा विभाग से विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अजय बिजेवार, सहायक तकनीकी प्रबंधक विनय उइके, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी निलेश सुल्खे, अमित नारनौर, इंदु उईके, गगन ऊइके, विनय प्रकाश बागड़े, बरखा इडपांचे, शिवानी मेश्राम, एकता पन्द्रे, अंकित मेश्राम, कुलवीन कुमार, सौरभ मसूरकर जी, कृष्णा कुमार खरे तथा पशुपालन विभाग सेअशोक नारनौर जी एवं सर्जन शानू देवी सिंगौर ने गरिमामय उपस्थिति दी।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन विजेता एवं उपविजेता टीम को प्रोत्साहन राशि देकर किया गया सम्मानित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**
सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जिले की सभी विधानसभाओं में प्रतियोगिताओं का दौर निरंतर जारी है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को अस्पताल खेल मैदान कटंगी में विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 38 टीमों एवं महिला वर्ग की 06 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विधायक गौरव पारधी के करकमलों द्वारा किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन की प्रेरणा देते हैं। प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग के मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे, जिसमें राजा भोज महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विधायक गौरव पारधी द्वारा 05 हजार रुपए की नगद राशि और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 03 हजार रुपए की राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया।



इसी तरह पुरुष वर्ग के मैचों में भी खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के संचालन में खेल अधिकारी, निर्णायक मंडल, आयोजन समिति एवं स्थानीय प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

## एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी की 04 छात्राओ का संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन









**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसएस गेड़ाम ने बताया कि शासकीय राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में 16 अक्टूबर को संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए महाविद्यालय से 04 छात्राओ का चयन किया गया है।

प्राचार्य डॉ. गेडाम ने बताया कि शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में इन छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने उपविजेता के रूप में अपना स्थान प्राप्त किया था इसी आधार पर इनका चयन किया गया है।

इन चयनित छात्राओं में कु. मुस्कान गोखले, श्रेया टेम्भरे, शिवि रहाँगडाले एवं यामिनी पंचेश्वर शामिल है। इन छात्राओं के संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन होने पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गड़ाम, क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्य एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ ने शुभकामना प्रेषित की है।